उज्जैन
गुरुवार
16
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-253
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 नाना पटवारी और साथी से एसीपी कार्यालय में घंटों पूछताछ
7 अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार फुटबॉल वर्ल्डकप फाइनल में




### सूरतः बाढ़ से 4 हजार कारें खराब, 15 लाख की कार का मरम्मत खर्च 8 लाख

**सूरत।** सूरत में 7 जुलाई को आई बाढ़ ने सिर्फ घर-दुकान ही नहीं, बल्कि हजारों वाहनों को भी ठप कर दिया है। आरटीओ और सर्विस सेंटर के आंकड़ों के अनुसार शहर और आसपास के इलाकों में 4 हजार से अधिक कारें और एक लाख दोपहिया वाहन पानी में डूबने से प्रभावित हुए हैं। कई वाहनों के सेंसर चिप, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम फेल हुए हैं। कुछ तो अब बन भी नहीं पाएंगे। मनुभाई नामक व्यक्ति को उनकी 15 लाख कीमत की एसयूवी में इलेक्ट्रिक सेंसर और पैनल फेल होने से 8 लाख मरम्मत खर्च बताया गया है। लगभग सभी वर्कशॉप में वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। एक वर्कशाप के कर्मचारी ने बताया कि उसके यहां 5 दिन से 865 चारपहिया वाहनों की मरम्मत लंबित है।

### महादेव बेटिंग ऐप मामले में ईबिक्स चेयरमैन विकास गर्ग ईडी रिमांड पर

**रायपुर।** महादेव ऑनलाइन बुक बेटिंग ऐप से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए रायपुर स्थित धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत ने ईबिक्स (ईबीआई) के चेयरमैन विकास गर्ग को 24 जुलाई तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मामले की प्रभावी जांच, कथित अपराध से अर्जित धन का पता लगाने, पूरे षड्यंत्र की परतें खोलने तथा अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच के लिए विकास गर्ग से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। अदालत ने माना कि ईडी ने प्रथम दृष्टया पर्याप्त सामग्री प्रस्तुत की है, जिससे गिरफ्तारी और रिमांड को उचित ठहराया जा सकता है।

### तेहरान का बहरीन-कुवैत में मिसाइल हमला, जॉर्डन ने 3 मिसाइलें गिराईं

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका ने गुरुवार तड़के ईरान में सैन्य ठिकानों पर एक बार फिर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, हमलों में मिसाइल लॉन्च साइट, रक्षा ठिकाने और सिस्तान-बलूचिस्तान में 388वीं ब्रिगेड की बैरक को निशाना बनाया गया। जवाब में ईरान ने बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले करने का दावा किया। बहरीन और कुवैत में मिसाइल अलर्ट जारी किया गया, जबकि जॉर्डन ने तीन ईरानी मिसाइलें मार गिराने की जानकारी दी। इस बीच ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि अगर अमेरिका पीछे नहीं हटता, तो ईरान बड़े सैन्य टकराव के लिए तैयार है। वहीं, रिवॉल्यूशनरी गार्ड ने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी तो मिडिल-ईस्ट से तेल और गैस का निर्यात भी रोका जा सकता है।

### भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट का डेटा लीक

**चेन्नई।** भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट कुडनकुलम से जुड़े हजारों दस्तावेज लीक हो गए हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, हैकर्स ग्रुप वर्ल्ड लीक्स ने डार्क वेब पर इन दस्तावेजों को अपलोड करने का दावा किया है। इनमें पावर प्लांट के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट, सप्लायर्स की लिस्ट, कंट्रोल रूम और अन्य रिकॉर्ड सार्वजनिक किए गए। सर्वर मई में हैक हुआ था, जून में दस्तावेज लीक का दावा किया गया। इसकी जानकारी अब सामने आई है। तमिलनाडु के कुडनकुलम प्रोजेक्ट पर काम कर रहे अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप ने माना है कि थर्ड-पार्टी डेटा सेंटर कंपनी योद्धा का सर्वर हैक किया गया। इसकी जानकारी सरकार को दे दी गई है।

### शोएब अख्तर और मोहम्मद आसिफ पर भारत में ड्रग्स लाने के गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व गृह मंत्रालय (एमएचए) के अवर सचिव रहे आर.वी.एस. मणि ने पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर और मोहम्मद आसिफ को लेकर बेहद गंभीर और विवादित आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि भारत दौरे पर आने के दौरान पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के कुछ खिलाड़ी कथित तौर पर ड्रग्स की तस्करी में शामिल थे। मणि ने यह भी आरोप लगाया कि शोएब अख्तर और मोहम्मद आसिफ ने ड्रग्स साथ लाने की बात स्वीकार की थी, जिसके बाद उन्हें पाकिस्तान के उच्चायुक्त द्वारा वापस भेज दिया गया। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित खिलाड़ियों की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## दिल्ली में सोनम वांगचुक के अनशन का 19वां दिन


# 18 दिन में 8.9 किलोग्राम वजन घटा

## जबरन आहार देने की मांग पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के आमरण अनशन का आज 19वां दिन है। उनकी बिगड़ती सेहत को लेकर दायर जनहित याचिका पर आज दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। याचिका में केंद्र और दिल्ली सरकार को वांगचुक को अस्पताल में भर्ती कराने और जरूरत पड़ने पर जबरन खाना (फोर्स-फीडिंग) देने के निर्देश देने की मांग की गई है।

वांगचुक 28 जून से जंतर-मंतर पर चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन में शामिल हैं। वे नीट परीक्षा में गड़बड़ियों के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे समेत परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डी.के. उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच बुधवार को सरकारी पक्ष की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई नहीं कर सकी। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे गुरुवार के लिए सूचीबद्ध किया और मामले पर केंद्र और दिल्ली सरकार से जवाब मांगा।




### याचिका में वांगचुक को इमरजेंसी ट्रीटमेंट देने की मांग

याचिकाकर्ता राकेश कुमार सैनी ने कहा है कि अगर भूख हड़ताल जारी रही तो अगले कुछ दिनों में वांगचुक की जान को खतरा हो सकता है। वांगचुक को तुरंत इमरजेंसी ट्रीटमेंट, जीवनरक्षक उपचार और जरूरी पोषण उपलब्ध कराया जाए। याचिका में कहा गया है कि सरकार की निष्क्रियता चिंताजनक है और किसी नागरिक को स्वेच्छा से भूख से मरने नहीं दिया जा सकता। सरकार को उनके आंदोलन से जुड़े मुद्दों पर बातचीत शुरू करनी चाहिए। अदालत से मांग की गई है कि सरकार वांगचुक से बातचीत करे और जरूरत पड़ने पर फोर्स-फीडिंग की अनुमति दी जाए।

### 18 दिन में 8.9 किलो वजन घटा

सीजेपी के मुताबिक, अनशन के 18 दिनों में वांगचुक का वजन 8.9 किलो घटकर 57.15 किलो रह गया है। पार्टी का कहना है कि वांगचुक की हालत नाजुक बनी हुई है। बुधवार को उनका ब्लड प्रेशर 105/76, ब्लड शुगर 80 mg/dL और ऑक्सीजन स्तर 97% दर्ज किया गया। डॉक्टरों के अनुसार वह पूरी तरह होश में हैं, लेकिन लगातार भूख हड़ताल से स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है।

### अभिजीत दिपके बोले- सरकार का रवैया क्रूर

सीजेपी ने आरोप लगाया कि छात्रों के लिए आवाज उठाने वाले वांगचुक को सरकार की ओर से सिर्फ खामोशी मिली है। सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दिपके ने कहा कि सरकार जवाबदेही से बच रही है और उसका रवैया क्रूर है। अमेरिका स्थित संगठन हिंदूज फॉर ह्यूमन राइट्स ने भी वांगचुक की सेहत पर चिंता जताई है। संगठन ने पीएम मोदी से प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने, उनकी मांगों पर ठोस जवाब देने और परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही तय करने की अपील की है।

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पिछले 18 दिनों से दिल्ली के जंतरमंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। विपक्षी दलों के कई नेता अब तक उनसे मिल चुके हैं। बॉलीवुड से लेकर सोशल मीडिया के तमाम कंटेंट क्रिएटर्स और जमीन पर जो लोग मौजूद हैं, वे भी वांगचुक के लगातार खराब होते स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। लेकिन कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले इस प्रदर्शन को सोशल मीडिया पर जितना समर्थन मिला उतना समर्थन जमीन पर मिलता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है या कहें कि उसका प्रभाव अब धीरे-धीरे कम होता हुआ नजर आ रहा है।

- देश में इससे पहले सरकार के खिलाफ जितने भी आंदोलन या प्रदर्शन हुए हैं उन सभी में देखा गया कि आमतौर पर विपक्ष ने दोनों हाथों से इस मौके को भुनाया और प्रदर्शन में शामिल भी हुआ। चाहे वह किसान आंदोलन हो या ऐतिहासिक अन्ना आंदोलन। जहां किसान आंदोलन में पूरा विपक्ष एक सुर में सरकार का विरोध कर रहा था, तो वहीं अन्ना आंदोलन में बीजेपी एक पल के लिए भी इस आंदोलन से अलग नहीं हुई और इस आंदोलन में मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभाई थी। लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतरमंतर पर डटे कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में विपक्षी दल लगभग न के बराबर आए हैं। इंडिया गठबंधन की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी समाजवादी पार्टी ने भी सांसद प्रिया सरोज को प्रदर्शन में भेजा लेकिन अखिलेश यादव खुद शामिल नहीं हुए। वहीं कांग्रेस आईकमान का एक भी चेहरा खासतौर पर राहुल गांधी भी इस प्रदर्शन से दूरी बनाए हुए हैं। वह भी ऐसे समय में जब सोनम वांगचुक और उनके साथ अन्य युवा भी कई दिनों से अनशन पर बैठे हैं। ऐसे में इस वीडियो में हम जानने की कोशिश करेंगे कि राहुल गांधी कॉकरोच जनता पार्टी के इस प्रदर्शन में शामिल क्यों नहीं हुए हैं। सीजेपी और सोनम अंगचुक के इस प्रदर्शन की तुलना साल 2012 में चले अन्ना आंदोलन से की जा रही है। उस समय पहले अन्ना हजारे और फिर अरविंद केजरीवाल अनशन पर बैठ गए थे। बीजेपी के साथ आने से इस आंदोलन को राजनीतिक मजबूती मिली। 24 घंटे मीडिया कवरेज और प्रदर्शनकारियों के आक्रामक तेवरों से मुद्दा ज्वलंत बना। नतीजा यह हुआ कि सरकार प्रदर्शनकारियों के आगे झुक गई। लेकिन इससे भी बड़ा डैमेज यह हुआ कि दिल्ली में कांग्रेस के 15 वर्षों का शासन का अंत हो गया।
- अन्ना आंदोलन का फायदा कायदे से बीजेपी को होना चाहिए था क्योंकि वह मुख्य विपक्षी दल था। लेकिन फायदा हुआ एक ऐसे दल को जिसे बने बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ था। आम आदमी पार्टी ने पहली बार दिल्ली में सरकार बनाई और उसके बाद आज तक दिल्ली में कांग्रेस वापसी नहीं कर पाई है। वहीं इसी आंदोलन को 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार का एक प्रमुख कारण माना जाता है। जाहिर है कि पार्टी इस जख्म को नहीं भूली है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि एक आंदोलन जो पहले जन आंदोलन बना था और बाद में उसी आंदोलन की आड़ में एक राजनीतिक मंच खड़ा हो गया। कांग्रेस ने उस घटना से सबक लिया है।
- राहुल गांधी इस समय देश भर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम चला रही हैं। देश के प्रमुख कोचिंग सेंटर कोटा, दिल्ली, प्रयागराज में यह कार्यक्रम हो चुका है और आगामी 17 जुलाई को देहरादून में होना है। राहुल गांधी अपने इस कार्यक्रम के जरिए पेपर लीक्स का मुद्दा उठा रहे हैं और साथ ही धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी है। यही मुद्दा सीजेपी और सोनम वांगचुक के अनशन से भी जुड़ा मुद्दा है। मतलब उनकी मुख्य मांग यही है। ऐसे में राहुल गांधी अपने कार्यक्रम के जरिए इस मांग को उठा रहे हैं और कहा जा रहा है कि इसलिए भी वह सीजेपी के प्रदर्शन में शामिल नहीं हो रहे हैं। सोनम वंचुक पहले मोदी समर्थक माने जाते थे। सियासी जानकार राहुल गांधी की इस प्रदर्शन में गैर मौजूदगी का कारण इसे भी मानते हैं।
- साल 2019 में जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने तक भी सोनम वांगचुक मोदी सरकार के मुखर समर्थक थे। सरकार का विरोध उन्होंने तब शुरू किया जब लद्दाख से किए गए चुनावी वादे पूरे नहीं हुए। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने और राज्य का दर्जा देने का वादा किया था जो बाद में पूरा नहीं हुआ। सियासी जानकार मानते हैं कि जब राहुल गांधी और विपक्षी दल देश में पेपर लीक, बेरोजगारी और संवैधानिक अधिकारों पर लगातार लड़ रहे थे तब सोनम वांगचुक भाजपा सरकार और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की नीतियों के प्रशंसक बने हुए थे। अब सोनम वांगचुक ने द इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में कहा कि अगर विपक्षी दल उनके आंदोलन में शामिल नहीं होते तो यह उनकी छोटी सोच को दिखाता है। इसे राजनीतिक अवसरवाद की तरह देखा जा रहा है। सीजेपी ने पहले इसे गैर राजनीतिक मंच बताया था और कहा था कि चुनाव लड़ने की उनकी कोई इच्छा नहीं है। लेकिन द इंडियन एक्सप्रेस को दिए गए इंटरव्यू में सोनम मांगचुक ने कहा कि भविष्य में अगर कोई चाहे तो वह राजनीति में आ सकता है। इसके लिए सभी स्वतंत्र हैं। कुछ वरिष्ठ पत्रकार कहते हैं कि इन सारी बातों से इधर विपक्ष के लिए यह एक बड़ा मौका हो सकता है। अकेले राहुल गांधी ना सही लेकिन इंडिया गठबंधन के बड़े नेताओं को मिलकर प्रदर्शन में शामिल होना चाहिए था। या भी हो सकते हैं क्योंकि जब दोनों तरफ एक मुद्दे पर लड़ाई लड़ी जा रही है तो इसे एक होकर भी लड़ा जा सकता है। दिल्ली के जंतरमंतर पर चल रहे छात्रों के महा आंदोलन का आज 27वां दिन है। वहीं देश के जानेमाने शिक्षाविद और क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांछुक की भूख हड़ताल का 19वां दिन। अनशन पर बैठे सोनम वांछुक की सेहत लगातार गिरती जा रही है। इसके चलते उनके चाहने वाले उनके लिए फिक्रम नजर आ रहे हैं।
- बता दें यह आंदोलन केवल छात्रों तक सीमित नहीं रहा। विपक्षी दल के नेताओं से लेकर स्वरा भास्कर जैसे फिल्मी सितारे भी जंतरमंतर पहुंच रहे हैं। वहीं 20 जुलाई को संसद मार्च की तैयारी भी तेज हो गई है। हालांकि इस वक्त कॉकरोचों की सबसे बड़ी चिंता सोनम वांचुक की सेहत है। मेडिकल टीम ने सोनम वांचुक की हेल्थ को लेकर ताजा बुलेटिन जारी किया है। बताया गया कि पिछले 18 दिनों से सिर्फ पानी पर डटे वांचुक का वजन करीब 9 किलो तक घट चुका है। डॉक्टरों के मुताबिक उनका ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर लेवल लगातार नीचे जा रहा है। जिसके चलते शरीर में भारी कमजोरी आ गई है।

### भाजपा चाहती थी मुझे हार्ट अटैक आ जाए : ममता बनर्जी

मैं तब तक जिंदा रहूंगी, जब तक उनका अंत न हो जाए



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता ने बुधवार को एक वीडियो मैसेज जारी किया। उन्होंने इस मैसेज में तृणमूल में जारी फूट पर भी अपना पक्ष रखा। ममता ने कहा- जो लोग जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं। मैंने 2006 में तृणमूल को फिर से खड़ा किया था, तो मैं 2026 में भी ऐसा कर सकती हूं। ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा चाहती थी मुझे हार्ट अटैक आ जाए, लेकिन मैं तब तक जिंदा रहूंगी जब तक उनका अंत न हो जाए। दरअसल तृणमूल के सीनियर लीडर मदन मित्रा बुधवार को ममता बनर्जी का गुट छोड़ ऋतब्रत बनर्जी के बागी गुट में शामिल हो गए हैं। हालांकि, उन्होंने विधायक पद नहीं छोड़ा है।

### सीबीआई का दावा-लातूर कोचिंग संचालक ने नीट का पेपर खरीदा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लातूर**

सीबीआई ने नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में बुधवार को स्पेशल कोर्ट में बड़ा दावा किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक, महाराष्ट्र के लातूर के एक कोचिंग सेंटर संचालक शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर ने एनटीए के पेपर सेटर से केमिस्ट्री के प्रश्न हासिल करने के लिए 5 लाख दिए थे। आरोपी मोटेगांवकर के मोबाइल से मिले हस्तलिखित नोट्स में 132 प्रश्न मिले, जिनमें से 111 प्रश्न एनटीए के मास्टर प्रश्नपत्र से मेल खाते हैं। मोटेगांवकर का बेटा कुलकर्णी की कोचिंग क्लास भी जाता था। नीट-यूजी परीक्षा 3 मई को देश के 551 शहरों और विदेश के 14 केंद्रों पर हुई थी। इसमें करीब 23 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। एनटीए के अनुसार 7 मई की शाम परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना मिली थी। 12 मई को परीक्षा रद्द की गई और री-एग्जाम का फैसला लिया गया।

### अहमदाबाद में रथयात्रा शुरू अमित शाह ने मंगला आरती की

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे**

गुजरात के अहमदाबाद में आज भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा निकाली जा रही है। अहमदाबाद के जामालपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में सुबह 4 बजे मंगला आरती हुई, जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने परिवार के साथ शामिल हुए। सुबह 7 बजे भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा का रथ निकाला गया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने सोने की झाड़ू से सड़क साफ की। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। वहीं, ओडिशा के पुरी में सुबह 9 बजे भगवान को रथों पर विराजमान किया गया। इसके बाद गजपति महाराजा दिव्यसिंह देव सोने की झाड़ू से रथ के आगे सफाई की। शाम 4 बजे श्रद्धालु तीनों रथों को खींचते हुए भगवानों को 3 किमी दूर गुंडिचा मंदिर के लिए रवाना करेंगे। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में पहुंच रहे।

### कर्नाटक में डॉक्टर की घर में हत्या, बेटा घायल मिला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु**

कर्नाटक के धारवाड़ में बुधवार को 45 साल के डॉक्टर (एनेस्थीसिया विशेषज्ञ) किरण होन्नन्नावर की उनके फ्लैट में हत्या कर दी गई। उनका 8 साल का बेटा चाकू के घावों के साथ घायल मिला। बच्चे का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने डॉक्टर की पत्नी प्रियंका को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

### कैबिनेट ने सेमीकॉन 2.0 कार्यक्रम के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपए की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** कैबिनेट ने सेमीकॉन 2.0 कार्यक्रम के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपए की मंजूरी दी। इस योजना का मकसद भारत में सेमीकंडक्टर की पूरी सप्लाई चेन तैयार करना है। इसके तहत मिसाइल, ड्रोन, टैंक, युद्धपोत, मोबाइल, कंप्यूटर, कैमरा और एक्स-रे मशीनों में इस्तेमाल होने वाली चिप देश में ही बनाई जाएगी। साथ ही चिप निर्माण में लगने वाली मशीनें, केमिकल और 50 से ज्यादा गैसों का भी घरेलू स्तर पर उत्पादन किया जाएगा। कैबिनेट ने 62,500 करोड़ रुपए की नई मोबाइल पीएलआई योजना को भी मंजूरी दी है। यह योजना 2030-31 तक लागू रहेगी। इसके अलावा राष्ट्रीय निवेश नीति-2026 के तहत 9 नए गैस आधारित यूरिया प्लांट लगाए जाएंगे, जिससे सालाना 1 करोड़ टन अतिरिक्त उत्पादन क्षमता बढ़ेगी।

### 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण पर हाई कोर्ट में बड़ी सुनवाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर**

मध्य प्रदेश के बहुचर्चित 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण मामले में बुधवार को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की विशेष पीठ के समक्ष नियमित सुनवाई का महत्वपूर्ण दौर शुरू हुआ। लंबे समय से न्यायिक प्रक्रिया में चल रहे इस मामले में पहले दिन बहस का केंद्र बिंदु संविधान के तहत आरक्षण की अधिकतम 50 प्रतिशत सीमा रहा। याचिकाकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी ने विस्तृत दलीलें प्रस्तुत करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2019 में ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किए जाने का निर्णय संविधान की उस व्यवस्था के विपरीत है, जिसके तहत कुल आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती. मामले की गंभीरता को देखते हुए हाई कोर्ट की विशेष पीठ ने सुनवाई गुरुवार दोपहर ढाई बजे तक के लिए स्थगित कर दी, जहां याचिकाकर्ताओं की ओर से अधूरी दलीलें आगे जारी रहेंगी।

## एचपीसीएल के साथ पार्टनरशिप, बेंगलुरु से शुरूआत, 10 किलो और 5 किलो के सिलेंडर ऑर्डर कर सकेंगे

# इंस्टामार्ट से अब 30 से 45 मिनट में एलपीजी सिलेंडर मिलेगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु**

स्विगी के क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट ने एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी शुरू करने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ पार्टनरशिप का ऐलान किया है। इसके तहत अब ग्राहक सीधे इंस्टामार्ट ऐप के जरिए ऑन-डिमांड एलपीजी गैस सिलेंडर ऑर्डर कर सकेंगे। बुधवार को दोनों कंपनियों ने इस सर्विस को लॉन्च करने की जानकारी दी। गैस सिलेंडर की क्विक डिलीवरी के लिए क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ हुई यह देश की पहली पार्टनरशिप है। शुरूआती फेज में इस सर्विस को कर्नाटक के बेंगलुरु में रोलआउट किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिलेंडर की डिलीवरी 30 से 45 मिनट में की जा सकती है। इस पार्टनरशिप के जरिए ग्राहक इंस्टामार्ट ऐप पर एचपीसीएल के दो तरह के सिलेंडर ऑर्डर कर सकेंगे। इसमें हाल ही में लॉन्च किया गया कंपनी का 'एचपी नव्या' 10 किलोग्राम का कंपोजिट एलपीजी सिलेंडर शामिल है। इसके अलावा ग्राहक ऐप के जरिए एचपीसीएल का ट्रेडिशनल 5 किलोग्राम वाला लोहे का एलपीजी सिलेंडर भी बुक कर सकेंगे।




### बिना किसी पुराने कनेक्शन के भी बुकिंग कर सकेंगे

कंपनियों ने जानकारी दी है कि ग्राहकों को इंस्टामार्ट के जरिए इन गैस सिलेंडरों को खरीदने के लिए पहले से किसी भी प्रकार के घरेलू एलपीजी गैस कनेक्शन की जरूरत नहीं होगी। यह उन लोगों के लिए बेहद सुविधाजनक होगा जो नए शहर में शिफ्ट हुए हैं या जिन्हें तुरंत गैस सिलेंडर की जरूरत है।

### जानिए क्या है ऑर्डर और रिफिल की प्रोसेस

**पहला ऑर्डरः** यदि कोई ग्राहक पहली बार ऐप से सिलेंडर बुक करता है, तो इसे नए सिलेंडर की खरीद माना जाएगा। पहली बार खरीदने पर ग्राहक का आइडेंटिटी वेरिफिकेशन किया जाएगा और डिलीवरी प्रूफ से जुड़े जरूरी दस्तावेज लिए जाएंगे।
**रिफिल ऑर्डरः** पहली बार के बाद जब भी ग्राहक दोबारा सिलेंडर बुक करेंगे, तो डिलीवरी के समय उन्हें अपना पुराना खाली एचपीसीएल सिलेंडर डिलीवर करने वाले कर्मचारी को सौंपना होगा।

### सिलेंडर इंस्टामार्ट का होगा या एचपी का?

सिलेंडर पूरी तरह से एचपी का ही होगा। स्विगी इंस्टामार्ट यहां सिर्फ एक टेक-इनेबल्ड डिलीवरी प्लेटफॉर्म की तरह काम कर रहा है। ग्राहक इंस्टामार्ट ऐप के जरिए ऑर्डर बुक करेंगे, लेकिन गैस और सिलेंडर एचपीसीएल के ही होंगे।

### सिलेंडर की कीमत क्या होगी और रिफिलिंग चार्ज क्या होंगे?

कंपनियों के ऐलान में अभी सटीक कीमतों और डिलीवरी/रिफिलिंग चार्ज का खुलासा नहीं किया गया है। चूंकि यह कॉमर्शियल और घरेलू गैस नियमों के तहत आता है, इसलिए नए 10किलो एचपी नव्या' कंपोजिट सिलेंडर और 5 किलो मेटल सिलेंडर की मूल कीमत सरकारी दरों और एचपीसीएल के मानक नियमों के अनुसार ही तय होगी।

## खबर एक नजर...

### 17 को सजेगी 'आगमन' की महफिल, नृत्यांगना शिंजिनी कुलकर्णी देंगी प्रस्तुति

**उज्जैन।** भारतीय शास्त्रीय संस्कृति को समर्पित बहुप्रतीक्षित आयोजन 'आगमन - सावन का आमद सीजन 3' का भव्य आयोजन 17 जुलाई को होगा। गूंज ऑर्गेनाइजेशन द्वारा प्रस्तुत यह सांस्कृतिक संध्या शाम 6 बजे से कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में सजेगी। कार्यक्रम में देश की युवा और सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना शिंजिनी कुलकर्णी अपनी मनोहारी प्रस्तुति देंगी। आयोजन की निदेशक खुशी राजेश लश्करी ने बताया कि इस गरिमामय कार्यक्रम में शहर की कई जानी-मानी हस्तियां भी शिरकत करेंगी। इस विशेष सांस्कृतिक संध्या के प्रायोजक सुभेक्शा इन्फ्राबुल्स एवं आरके डेवलपर्स हैं। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में कला प्रेमियों के लिए प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है। उन्होंने शहरवासियों से मित्रों व सपरिवार उपस्थित होकर इस सांस्कृतिक महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

### जयवंतपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे 111 पौधे

**उज्जैन।** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऑक्सीजन प्राप्ति के लिए ग्राम जयवंतपुर में 111 पौधे रोपे गए। भाजपा के पूर्व संभागीय मीडिया प्रमुख डॉ. घनश्याम शर्मा के सानिध्य में ग्रामीणों ने स्वयं के स्वामित्व की भूमि (सर्वे क्रमांक 54/2) पर यह पौधारोपण किया। इस दौरान सभी ने पौधों के वृक्ष बनने तक उनकी सुरक्षा और संरक्षण का संकल्प लिया। जितेंद्र शर्मा ने बताया कि परिवार और ग्रामीणों के सहयोग से अशोक, नीम, पीपल, जामुन, आम, जामफल और नींबू आदि के पौधे लगाए गए हैं। इस अवसर पर डॉ. घनश्याम शर्मा ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ हवा और प्राकृतिक वातावरण अत्यंत आवश्यक है। पौधारोपण से ही हरियाली आएगी और पर्यावरण सुंदर व रमणीय बनेगा। कार्यक्रम में पुष्पलता शर्मा, शुभम शर्मा, निश्चय शर्मा, भूषण जोशी, मनन जोशी, अदिति जोशी, निवन्या शर्मा, सुनील प्रजापत, कुमार पासवान, कैलाश बंजारा और नारायण बंजारा सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे। सभी ने लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लेते हुए प्रकृति रक्षा का संकल्प दोहराया।

### दौलतगंज डॉमिनेटर्स ने जीता शलाका प्रीमियर लीग का खिताब

**उज्जैन।** शलाका बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित आरके दुबे मेमोरियल ट्रॉफी शलाका प्रीमियर लीग 2026 का खिताब दौलतगंज डॉमिनेटर्स ने अपने नाम कर लिया है। रोमांचक फाइनल मुकाबले में दौलतगंज डॉमिनेटर्स ने बेस्ट ऑफ 5 में श्रीगंगा स्मैशर्स को 3-1 से हराकर विजय प्राप्त की। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद संत उमेश नाथ, अतिथि सीताराम गुप्ता और अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 जुलाई तक किया गया जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें दौलतगंज होलसेल किराना मर्चेंट्स एसोसिएशन की टीम दौलतगंज डॉमिनेटर्स, श्री गंगा उज्जैन की टीम श्रीगंगा स्मैशर्स, जेके हॉस्पिटल की टीम जेके ब्लास्टर्स, होटल पार्क पैलेस जायसवाल पैंथर्स और बीके यादव स्पार्टंस शामिल थीं। आयोजन का संपूर्ण प्रबंधन अंकित श्रीवास्तव, कुणाल रोहरा और नमिता अग्रवाल द्वारा किया गया। डियर डायनामिक्स के साहिल मेहता मीडिया पार्टनर के रूप में जुड़े और आयोजन समिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### उज्जैन के पंडित अजय व्यास 'ज्योतिष शिरोमणि अवॉर्ड' से सम्मानित

**उज्जैन।** महर्षि दैवज्ञ चंडू जयंती के अवसर पर आयोजित विशाल निःशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर में उज्जैन के ज्योतिर्विद पंडित अजय कृष्ण शंकर व्यास को 'ज्योतिष शिरोमणि अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। सीता ज्योतिष एवं वास्तु अनुसंधान केंद्र, श्याम भक्ति सेवा संस्थान और मारवाड़ प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जोधपुर में आयोजित इस शिविर में 2 हजार से अधिक लोगों ने विभिन्न ज्योतिषीय विधाओं का निःशुल्क लाभ उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति गोपाल कृष्ण व्यास ने की। मुख्य अतिथि बीएसएफ के आईजी एम.एल. गर्ग और विशिष्ट अतिथि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष मिश्रा रहे। इस अवसर पर समाजसेवी अरुण माहेश्वरी, अरुणा सांखला, मारवाड़ प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव गौड़ सहित क्लब की टीम और श्याम भक्ति सेवा संस्थान के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### संत निरंकारी भवन में जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम समागम संपन्न

**उज्जैन।** संत निरंकारी मंडल जोन 25 की उज्जैन ब्रांच के तत्वावधान में पंवासा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम संत समागम का भव्य आयोजन किया गया। इस समागम में उज्जैन के अलावा रतलाम, मेघनगर, पेटलावद, करवड़, नीमच, मंदसौर, देवास, नागदा, मनासा और खड़ावदा के करीब 500 से 600 श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अपने विचार प्रस्तुत किए।

# गुप्त नवरात्र- उज्जैन-दतिया में जुटेंगे तांत्रिक, नलखेड़ा में रहेगा जमावड़ा

## 3 रवि योग में शमशान में करेंगे तंत्र साधना, साल में चार नवरात्र, दो गुप्त और दो प्रकट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से बुधवार, 15 जुलाई से गुप्त नवरात्र की शुरूआत हो गई। इस बार गुप्त नवरात्र पुष्य नक्षत्र, हर्षल योग और कर्क राशि के चंद्रमा की साक्षी में बन रहे गजकेसरी योग में प्रारंभ हो रहे हैं, जिससे इसका धार्मिक महत्व और बढ़ गया है। मध्यप्रदेश के उज्जैन, नलखेड़ा और दतिया में 9 दिनों तक तांत्रिक साधकों का विशेष जमावड़ा रहेगा। उज्जैन के चक्रतीर्थ और ओखलेश्वर श्मशान, विक्रांत भैरव मंदिर, भैरवगढ़, नलखेड़ा के मां बगलामुखी मंदिर तथा दतिया के मां पीतांबरा पीठ में देशभर से साधक तंत्र साधना के लिए पहुंचेंगे। वहीं, 51 शक्तिपीठों में शामिल उज्जैन के हरसिद्धि मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए आएंगे।

ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार श्रीमद् देवी भागवत महापुराण में वर्ष भर में चार नवरात्र बताए गए हैं। इनमें आषाढ़ और माघ मास के नवरात्र गुप्त, जबकि चैत्र और अश्विन मास के नवरात्र प्रकट नवरात्र कहलाते हैं। गुप्त नवरात्र विशेष रूप से साधना, उपासना और गुप्त विद्याओं की सिद्धि के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं। साधक अपने संकल्प के अनुसार विभिन्न प्रकार की साधनाएं करते हैं।



### दो सर्वार्थ सिद्धि और तीन रवि योग का संयोग

गुप्त नवरात्र के दौरान दो सर्वार्थ सिद्धि योग और तीन रवि योग बनेंगे। शास्त्रों के अनुसार इन योगों में नए कार्यों की शुरूआत, बैंकिंग, टेक्नोलॉजी, ऑफिस शिफ्टिंग, व्यवसाय विस्तार और अन्य शुभ कार्य करना लाभकारी माना जाता है। 22 जुलाई को गुप्त नवरात्र का समापन होगा। इसी दिन भड़ली नवमी भी रहेगी, जिसे अबूझ मुहूर्त माना जाता है। हालांकि गुरु तारा अस्त होने के कारण विवाह जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे।

### वैदिक और अघोर तंत्र की अलग-अलग परंपरा

पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार तंत्र साधना मुख्य रूप से दो प्रकार की वैदिक तंत्र और अघोर तंत्र होती है। वैदिक तंत्र के साधक गुरु एवं कुल परंपरा के अनुसार साधना करते हैं, जबकि अघोर पंथ के साधक श्मशान में साधना करते हैं।

### उज्जैन से ह्यस्मार्ट आंगनवाड़ीह्न अभियान शुरू, मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, 1,000 केंद्र होंगे आधुनिक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन से 'स्मार्ट आंगनवाड़ी' अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत पहले चरण में उज्जैन जिले की 1,000 आंगनवाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हितग्राहियों को लाभ वितरित किए, आंगनवाड़ी परिसर में पौधारोपण किया और पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत की, उन्हें उपहार दिए और झूला झुलाया। मुख्यमंत्री यादव ने इस दौरान कहा कि आंगनवाड़ी केवल बच्चों की देखभाल का केंद्र नहीं हैं, बल्कि उनके स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की पहली पाठशाला हैं। उन्होंने जोर दिया कि विभिन्न बस्तियों से आने वाले बच्चों को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य सुविधाएं और प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अभियान के तहत आंगनवाड़ियों को प्री-स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन स्मार्ट आंगनवाड़ी केंद्रों में झूले, खेल सामग्री, आधुनिक फर्नीचर, यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री, डिजिटल लर्निंग सुविधाएं और बेहतर स्वास्थ्य जांच जैसी व्यवस्थाएं उपलब्ध होंगी। बताया गया कि एक आंगनवाड़ी केंद्र को आधुनिक स्वरूप देने में लगभग 6 लाख रुपये की लागत आएगी। इस अभियान को जनसहयोग और कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। इसका उद्देश्य समाज के अधिक से अधिक लोगों को आंगनवाड़ियों को गोद लेने और बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करना है।

# हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट ने हृदयेश्वर महादेव मंदिर परिसर में किया पौधारोपण

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश, रोपे गए आम और जामफल के पौधे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसके तहत वार्ड क्रमांक 17 स्थित हृदयेश्वर महादेव मंदिर परिसर और ढांचा भवन में मॉडर्न स्कूल वाली गली (कुएं वाली गली) के बगीचे में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड 17 के पार्षद प्रतिनिधि मांगीलाल कडेल एवं पार्षद राखी कडेल मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला अध्यक्ष देवेंद्र प्रजापत ने बताया कि अभियान के दौरान हृदयेश्वर महादेव मंदिर परिसर में करीब दस और ढांचा भवन में मॉडर्न स्कूल वाली गली स्थित कुएं के पास वाले बगीचे में पांच पौधे लगाए गए। इनमें मुख्य रूप से आम, जामफल सहित अन्य छायादार पौधे शामिल हैं। इस अवसर पर संस्था की ओर से अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें आभार पत्र भी भेंट किया गया।



पौधारोपण कार्यक्रम में राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला अध्यक्ष देवेंद्र प्रजापत, जिला संयोजक रवि वर्मा, मीडिया प्रभारी जितेंद्र परमार, अध्यक्ष मुकेश रघुवंशी, उपाध्यक्ष रूप सिंह जाट, सत्संग प्रमुख विजय सिंह ठाकुर, महासचिव राजेश रावल, कोषाध्यक्ष नितिन जादौन, महासचिव एवं सूचना प्रमुख लीना बोराड़े, सलाहकार प्रमुख रूपलाल मदावत, सह सूचना प्रमुख भोला प्रजापत, जिला प्रभारी विजेंद्र पांचाल, व्यवस्था प्रबंधक लक्ष्मण राव बोराड़े के साथ ही संयोजक दीपक परिहार और हरीश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### नयापुरा श्रीसंघ में साध्वी मंडल का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 17 को

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री आदिश्वर चंदाप्रभु श्रीसंघ, नयापुरा में साध्वी तारणरत्ना म.सा. और साध्यरत्ना म.सा. का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 17 जुलाई को होगा। इसे लेकर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह है। प्रवेश महोत्सव के तहत सुबह 8.30 बजे मंगल प्रवेश शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नयापुरा के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री चंदाप्रभु उपाश्रय पहुंचेगी। श्री आदिश्वर चंदाप्रभु ट्रस्ट के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी और प्रदीप दख ने बताया कि मालव देश दीपिका, मनोहर-इंदु तीर्थ गुणरत्ना म. सा. और साध्वी जितेशरत्ना म. सा. की शिष्या साध्वी तारणरत्ना म.सा. व साध्यरत्ना म.सा. का नयापुरा चारथूई श्रीसंघ में मंगल प्रवेश होगा। सुबह 8:30 बजे ज्ञानचंद कोचर के निवास स्थान से शोभायात्रा प्रारंभ होगी। मार्ग में श्रद्धालु गवली कर गुरु भगवंतों के मंगल दर्शन और वंदन का लाभ लेंगे। मंगल प्रवेश के पश्चात सुबह 9:30 बजे धर्मसभा और मांगलिक का आयोजन होगा। इसमें धर्म, संयम, तप और चातुर्मास की महत्ता पर गुरु भगवंतों के प्रेरणादायी प्रवचन होंगे। सुबह 11 बजे से श्रीसंघ के समस्त श्रद्धालुओं के लिए गौतम प्रसादी का आयोजन किया गया है। इसके मुख्य लाभार्थी शेखरचंद कमलकुमार कोचर परिवार हैं। श्रीसंघ के अध्यक्ष सुभाष दुग्गड़, सचिव कमल पिछोलिया और समस्त ट्रस्टियों ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक चातुर्मासिक मंगल प्रवेश के साक्षी बनें और धर्मसभा व गौतम प्रसादी का लाभ लें।

# हिंदी और भारतीय भाषाओं का आधार हैं डेढ़ हजार से अधिक बोलियां – डॉ. शर्मा

### विश्व लिपि बनेगी नागरी लिपि – डॉ. हरिसिंह पाल

### देवनागरी के समक्ष मौजूद रोमन लिपि की चुनौती को लेकर जागरूकता आवश्यक – हरेराम वाजपेयी

### राष्ट्रीय संगोष्ठी में हिंदी और नागरी लिपि पर हुआ विमर्श

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देश की जानी-मानी संस्था राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन के तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का विषय 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी एवं नागरी लिपि' था। मुख्य वक्ता के रूप में अपना मंतव्य देते हुए डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा, कुलानुशासक एवं विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन ने कहा – हिंदी और भारतीय भाषाओं का आधार भारत में बोली जाने वाली डेढ़ हजार से अधिक भाषाएँ और बोलियाँ हैं। कोई भी भाषा तब तक भाषा नहीं बनती, जब तक उसका बोलियों के साथ संबंध नहीं बनता। जनपदीय भाषाएँ राष्ट्रभाषा हिंदी की शिराओं में संचार करती हैं। हिंदी का भविष्य जनपदीय भाषाओं और देवनागरी लिपि के सशक्त आधार पर ही निर्मित होगा।

डॉ. हरिसिंह पाल, महामंत्री, नागरी लिपि परिषद्, नई दिल्ली ने कहा कि शैक्षिक संस्थानों और भारत सरकार के प्रयासों से हिंदी दिवस, हिंदी पखवाड़ा और हिंदी माह जैसे आयोजन अब नियमित रूप से होते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नागरी लिपि विश्व लिपि बनेगी और हिंदी भाषा संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनेगी। हरेराम वाजपेयी, प्रचार मंत्री, मध्य भारत हिंदी समिति एवं संस्थापक हिंदी परिवार इंदौर ने कहा कि 1942 की वीणा पत्रिका में रोमन लिपि के विस्तार पर चिंता व्यक्त की गई थी, जो आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कविता भी सुनाई।

इस अवसर पर डॉ. हरिसिंह पाल, नई दिल्ली और हरेराम वाजपेयी, इंदौर के जन्मदिवस के अवसर पर उनका सारस्वत सम्मान किया गया। डॉ. बी. के. शर्मा, संरक्षक राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना ने कहा कि तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत की नई पीढ़ी को भी हिंदी पढ़ने की व्यवस्था होनी चाहिए। डॉ. शहनाज शेख, राष्ट्रीय सचिव, महाराष्ट्र ने कहा कि तकनीकी और डिजिटल युग में भी देवनागरी लिपि खरी उतरती है। सुवर्णा जाधव, राष्ट्रीय संयोजक, पुणे ने भाषा की शुद्धता पर बल दिया। डॉ. रणजीत सिंह अरोड़ा, पुणे ने देवनागरी को वैज्ञानिक लिपि बताया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. रश्मि चौबे, राष्ट्रीय प्रवक्ता, गाजियाबाद ने किया। सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्वागत भाषण डॉ. श्वेता मिश्रा ने दिया, प्रस्तावना डॉ. शहनाज शेख ने प्रस्तुत की.

# चलना मुश्किल, कैसे निकलेगी महाकाल की सवारी? रामघाट से ढाबा रोड तक सड़क खुदी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में भगवान महाकालेश्वर की सावन माह की पहली सवारी 3 अगस्त को निकलेगी। सिर्फ 20 दिन बाकी है। 14 जुलाई तक की स्थिति में पारंपरिक सवारी मार्ग के कई हिस्सों की स्थिति फिलहाल खराब है। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों और विभिन्न विकास कार्यों के चलते फिलहाल इस मार्ग से सवारी निकालना चुनौती बना हुआ है। हरसिद्धि पाल से रामघाट, गणगौर दरवाजे के सामने ढाबा रोड और आसपास के हिस्सों में चौड़ीकरण, सीवरेज और पाइपलाइन बिछाने का काम जारी मिला है। कई स्थानों पर सड़कें खुदी हुई हैं। मिट्टी-गिट्टी और मलबा बिखरा पड़ा है। स्थिति ऐसी है कि कहीं-कहीं सड़क पर एक व्यक्ति का चलना भी दूभर है।

स्थिति को देखते हुए उज्जैन कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। 20 जुलाई से पहले सवारी मार्ग पर चल रहे सभी निर्माण कार्य हर हाल में पूरे का कहा है। ताकी सवारी अपने पारंपरिक स्वरूप में सुरक्षित निकाली जा सके और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

सावन माह की शुरूआत 30 जुलाई से होगी। पहली सवारी 3 अगस्त को निकलेगी। इस दौरान देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचेंगे और सवारी में भी शामिल होंगे।

### 4.68 करोड़ से चौड़ीकरण, कई जगह निर्माण कार्य



आगामी सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए हरसिद्धि पाल से रामघाट तक मुख्य मार्ग का 4 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत से 15 मीटर चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके तहत चिन्हित भवनों को हटाने के साथ रिटर्निंग वॉल का निर्माण भी जारी है। वहीं, ढाबा रोड पर चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। गणगौर दरवाजे के सामने अमृत मिशन 2.0 के तहत पाइपलाइन डाली जा रही है। रामघाट तक कई सड़कें खुदी हुई हैं और चौड़ीकरण में टूटे मकानों का मलबा भी मार्ग पर पड़ा है। मार्ग के आधे हिस्से में चौड़ीकरण के बाद नाली और सीसी रोड का निर्माण चल रहा है, जबकि शेष हिस्से में सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई की जा रही है। सवारी मार्ग से जुड़ी कई गलियां भी पूरी तरह उखड़ी हुई हैं।

### पुष्य नक्षत्र के संयोग में वैष्णव हवेलियों में एक दिन पहले रथयात्रा

# ऋतु परिवर्तन के साथ बदली सेवा पद्धति

## अंकपात मार्ग स्थित 73वीं बैठक पर सजे रथ में विराजमान होकर ठाकुरजी ने दिए दर्शन

### लगा आम और बासुंदी का भोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की पुष्टिमार्गीय वैष्णव हवेलियों में नाथद्वारा की विशेष प्रणाली के अनुसार बुधवार को एक दिन पहले ही रथयात्रा मनोरथ का आयोजन किया गया। आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा पर पुष्य नक्षत्र का दुर्लभ संयोग बनने के कारण पारंपरिक रूप से आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के बजाय एक दिन पूर्व रथयात्रा निकाली गई। पुष्य नक्षत्र के इस विशेष संयोग पर सुबह से ही सभी पुष्टिमार्गीय हवेलियों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि अंकपात मार्ग स्थित श्रीमद् वल्लभाचार्यजी की 73वीं बैठक पर ट्रस्टी विट्ठल नागर के नेतृत्व में आयोजन हुआ। लकड़ी के आकर्षक रथ में विराजमान होकर ठाकुरजी ने दोपहर तक तीन प्रहर में भक्तों को दर्शन दिए।



### गर्मी की विशेष सेवाओं को मिला विराम

रथयात्रा के दिन से हवेलियों में ऋतु परिवर्तन के अनुसार ठाकुरजी की सेवा पद्धति में बड़ा बदलाव आता है। प्रभु को गर्मी से राहत देने के लिए अब तक चल रही विशेष सेवाएं जैसे फूल श्रृंगार, गुंजा, ठाकुरजी के सम्मुख चलने वाले फव्वारे, खसखस की टाटी और सत लड़ा मालाजी की सेवा को अब विराम मिल गया है। आज से प्रभु के श्रृंगार का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा।

### छप्पन भोग और मौसमी फलों का नैवेद्य

रथयात्रा के पावन अवसर पर प्रभु को मौसमी फलों और छप्पन भोग का नैवेद्य अर्पित किया गया। ठाकुरजी के सम्मुख मुख्य रूप से चारोली की सामग्री, खरबूजे के बीज से बने पकवान, पके हुए आम, जामुन, स्वादिष्ट बासुंदी और अंकुरित मूंग का विशेष प्रसाद चढ़ाया गया।

### सीएसईईटी परिणाम घोषित, उज्जैन की अनन्या बनीं टॉपर

**उज्जैन।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा आयोजित कंपनी सेक्रेटरी एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट (सीएसईईटी) जून 2026 सत्र का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। इस परीक्षा में मध्य प्रदेश के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा और राज्य का उत्तीर्ण प्रतिशत 74.05 दर्ज किया गया। उज्जैन केंद्र से अनन्या सक्सेना ने 67.75 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया है। उज्जैन केंद्र की मेरिट में अशिमता गर्ग 67.50 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और दिव्यांशी नागर 53.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यार्थी अपना परिणाम और विषयवार अंक संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। अभ्यर्थी इसी वेबसाइट से अपनी ई-मार्कशीट भी आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस अंकित मेड़तवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# युवाओं में कौशल व उद्यमिता को निखारने के लिए दो दिवसीय लीडरशिप कोहोर्ट आज से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर युवाओं में कौशल विकास, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए 16 और 17 जुलाई को दो दिवसीय लीडरशिप कोहोर्ट 2026 आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम माधव भवन स्थित शलाका दीर्घा में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से होगा। इसका आयोजन सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन स्मार्ट सिटी इन्क्यूबेशन सेंटर और सविष्कार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है।

इस वर्ष लीडरशिप कोहोर्ट की थीम 'कौशल से आत्मनिर्भरता, नवाचार से प्रगति, नेतृत्व से राष्ट्र निर्माण' रखी गई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों, स्टार्टअप संस्थापकों और युवा उद्यमियों को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे भविष्य के कौशल व नेतृत्व क्षमता को समझ सकें और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। प्रथम दिन फ्यूचर स्किल्स, इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, लीडरशिप डेवलपमेंट और स्टार्टअप कल्चर पर सत्र होंगे। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के उद्यमोदय स्टार्टअप एवं इन्क्यूबेशन सेंटर के निदेशक डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह युवाओं को बदलते वैश्विक परिदृश्य, करियर के नए अवसर और उद्यमिता की संभावनाओं पर मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम के दूसरे दिन 17 जुलाई को 'सम्राट विक्रमादित्य स्टार्टअप समिट' का आयोजन होगा। इसमें मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलगुरु डॉ. अनु सिंह मौजूद रहेंगी। इस दौरान स्टार्टअप इकोसिस्टम, नेतृत्व और उद्योग-अकादमिक सहयोग पर विशेष सत्र होंगे। इससे प्रतिभागियों को नेटवर्किंग और संभावित सहयोग के अवसर मिलेंगे।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सत्यहीना वृथा पूजा सत्यहीनो वृथा जपः।
सत्यहीनं तपो व्यर्थमूषरे वपनं यथा ॥

अर्थः उज्जड जमीन में बीज बोना जैसे व्यर्थ है, वैसे बिना सत्य की पूजा, जप और तप भी व्यर्थ है।

## खबर एक नजर...

### 60 वर्षीय मां की बेटे ने पीट-पीटकर हत्या की

**इंदौर।** लसूड़िया क्षेत्र में रहने वाली 60 वर्षीय महिला की उसके बेटे ने मारपीट कर हत्या कर दी। आरोपी अपनी पत्नी के घर छोड़कर जाने से नाराज था। पुलिस ने बेटे को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक, मां, बेटा और बहू तीनों शराब पीने के आदी थे। बुधवार को भी शराब के नशे में मां-बेटे के बीच विवाद हुआ था। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह के मुताबिक, बुधवार शाम करीब 4 बजे सूचना मिली कि गीताबाई (60) का शव घर में पड़ा है। शुरूआती जानकारी में सामने आया कि उसके बेटे आकाश ने उसके साथ मारपीट की थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया कि गीताबाई, उसका बेटा आकाश और बहू ममता एक साथ रहते थे। तीनों मजदूरी कर अपना जीवनयापन करते थे। शराब पीने के बाद उनके बीच अक्सर विवाद होता रहता था। बुधवार को ममता घर छोड़कर चली गई थी। इस बात से आकाश नाराज हो गया। उसने नशे की हालत में अपनी मां गीताबाई से विवाद किया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बेटे आकाश को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### नशे से दूरी है जरूरी 2.0 की शुरूआत:रैली निकालकर दिया जागरूकता का संदेश

**इंदौर।** युवाओं और समाज को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और उसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी 2.0 विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में बुधवार को इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में जनजागरूकता रैली निकालकर अभियान शुरू किया। पुलिस कमिश्नर ने मौजूद अधिकारियों, एनसीसी कैडेट्स, स्टूडेंट्स आदि को नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अवेयरनेस बैज लगाए। अभियान के लिए बनाए सेल्फी पाइंट का भी उन्होंने लोकार्पण किया और खुद सेल्फी भी ली। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से किशोरों और युवाओं को अवैध मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया, उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नहीं, बल्कि उसके परिवार, भविष्य और पूरे समाज को प्रभावित करता है। इसलिए हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह खुद नशे से दूर रहे और अपने आसपास के लोगों को भी नशा छोड़ने के लिए मोटिवेट करे।

### पेटीएम अपडेट करते ही 3.92 लाख की ठगी

**इंदौर।** सराफा पुलिस ने लाखों रुपए की साइबर ठगी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक फ्रूट व्यापारी के मोबाइल पर पेटीएम सस्पेंड होने का मैसेज आया। इसके बाद उन्होंने ऐप अपडेट किया तो उनका अकाउंट हैक हो गया और करीब 3.92 लाख रुपए निकाल लिए गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सराफा पुलिस के अनुसार, विद्याचल कॉलोनी निवासी कल्पेश जैन की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कल्पेश ने बताया कि वे हुकुमचंद मार्ग पर फ्रूट का कारोबार करते हैं। 2 जून को उनके मोबाइल पर एक नोटिफिकेशन आया, जिसमें पेटीएम सस्पेंड होने की जानकारी दी गई थी। इसके कुछ देर बाद दूसरा नोटिफिकेशन आया, जिसमें पेटीएम अपडेट करने का विकल्प था। उन्होंने ऐप अपडेट किया, जिसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। दोबारा चालू करने पर पेटीएम ऐप नहीं खुला। 5 जून को उन्होंने एक ग्राहक को पेमेंट करने की कोशिश की तो पता चला कि ट्रांजेक्शन लिमिट समाप्त हो चुकी है। बैंक जाकर जानकारी लेने पर पता चला कि 2 जून से 5 जून के बीच उनके अकाउंट से आधा दर्जन से अधिक ट्रांजेक्शन के जरिए 3 लाख 92 हजार रुपए निकाल लिए गए। इसके बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच के बाद सराफा पुलिस ने मंगलवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिलाओं ने हथियार लेकर घर पर बोला धावा

**इंदौर।** खुडैल थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिलाएं खुलेआम हथियार लेकर मौके पर पहुंचीं और परिवार के लोगों से मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और बाहर खड़ी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। खुडैल पुलिस के अनुसार आठ मील निवासी आसिफ पटेल की शिकायत पर अफसर पटेल, रिहान पटेल, परवीन, अरमान, अय्यूब, बबीता, आदिल, आरिफ पटेल सहित नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपनी कार से आठ मील जा रहा था, तभी आरोपियों ने रास्ते में रोककर डंडों से उसके साथ मारपीट की। आसिफ के मुताबिक शोर सुनकर उनकी पत्नी शबाना और बुआ हारून बी मौके पर पहुंचीं तो आरोपियों के परिवार की महिलाओं ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद महिलाएं घर से अवैध हथियार लेकर आईं और परिवार के अन्य युवकों को उकसाकर शिकायतकर्ता के घर में घुसा दिया।

---

शाम को रथ में विराजित होकर प्रभु निकलेंगे नगर भ्रमण पर, रथयात्रा में उमड़ेंगे भक्त

# रथयात्रा के लिए कुंभकोणम से बनकर आई भगवान की पोशाक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के पावनसिद्ध धाम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग में श्रीब्रह्मोत्सव और रथयात्रा महोत्सव चल रहा है। बुधवार को मंदिर में भव्य पुष्प बंगला सजाया गया, जो काफी मनमोहक था।

इस महोत्सव में बड़ी संख्या में भक्त भाग लगे रहे हैं। गुरुवार को मंदिर परिसर से पारंपरिक रथयात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे। मंदिर के प्रचार प्रमुख पंकज तोतला ने बताया कि रथयात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूरी जा चुकी है।

रथयात्रा के लिए कुंभकोणम से प्रभु के पोशाक बनकर आई है।

मंदिर में सजाया गया पुष्पबंगला, बड़ी संख्या में भक्तों ने किए दर्शन।



मंदिर में सजाया गया पुष्पबंगला, बड़ी संख्या में भक्तों ने किए दर्शन।

गौरवशाली रथयात्रा आज शाम को

गुरुवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान से शाम को गौरवशाली रथयात्रा निकाली जाएगी। मंदिर प्रबंधन का दावा है कि यह देश की तीसरी बड़ी और मध्यप्रदेश की पहली बड़ी परंपरागत रथयात्रा है, जो परंपरागत रूप से निकलती आ रही है।

कई सालों से यह परंपरा जारी है। रथयात्रा में प्रभु वेंकटेश अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए शहर में पूरे ला?व-लश्कर के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

**रामानुज स्वामी द्वारा दिए गए संदेशों की झलक-** रथयात्रा में कमल के फूल पर विराजमान रामानुज स्वामीजी की झांकियां सभी भक्तों को रामानुज संप्रदाय के सिद्धांत और उनके द्वारा किए गए कामों, गुरु के प्रति समर्पण का वर्णन का दर्शन देगी। शहर के प्रसिद्ध बैंड-बाजों के साथ 21 घोड़ों पर भगवा धार्मिक ध्वज पताका लिए युवा संवार होंगे। बच्चे भी विभिन्न स्वरूपों में तैयार होकर बग्गी में सवार होकर चलेंगे। ठाकुरजी की सवारी के वाहन के रूप में गरुड़ वाहन, अश्व वाहन, गज वाहन, मंगलगिरी होंगे। इन वाहनों पर ठाकुरजी के चित्र विराजित होंगे।

### ये है रथयात्रा का मार्ग

रथयात्रा संयोजक पवन व्यास, रजत बेड़िया, रंगेश बियाणी ने बताया कि रथयात्रा छत्रीबाग से शुरू होकर सिलावटपुरा चौराहा, नरसिंह बाजार चौराहा, सीतलामाता बाजार, गोराकुंड चौराहा, शक्कर बाजार, बड़ा सराफा, पीपली बाजार, बर्तन बाजार, बजाज खाना चौक, साठा बाजार से वापस मंदिर पर आकर समाप्त होगी। इस रथयात्रा के रास्ते में करीब 500 जगह पर मंचों के माध्यम से रथयात्रा का स्वागत फूलों की वर्षा कर किया जाएगा। साथ ही कई जगह प्रसाद वितरण भी होगा। यात्रा में 250 कार्यकर्ता एक ही तरह के कुर्ते वाली ड्रेस में यात्रा की व्यवस्था संभालेंगे, जिससे की यात्रा में कोई असुविधा नहीं हो। वाट्सअप पर व ग्रीन-रेड लाइट लगातार जानकारी अपडेट कर व्यवस्था को संभालेंगे।

### रथयात्रा में ये रहेगा खास आकर्षण

यात्रा में कई खास आकर्षण के केंद्र भी रहेंगे। यात्रा झांकी में प्रभु वेंकटेश क्षीरसागर में, हनुमंत लाल, पुष्प में रामानुज स्वामीजी के दर्शन, जगन्नाथ प्रभे के साथ, गोमाता बचाओ आदि रहेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य सभी झांकियों के माध्यम से एक अच्छा मैसेज शहर की जनता को मिले। इसके अलावा नासिक से आए 80 युवक-युवतियों का समूह का बैंड पूरे रास्ते पर 6-7 घंटे तक विशेष प्रस्तुति देते हुए चलेगा। इसमें बड़े-बड़े ढोल, वाद्य और ध्वज होंगे।

---

इंदौर में मां के मर्डर से बेखबर मासूम की जिद

# मुझे मम्मी के हाथ से ही खाना है

## बहन बोली- नहीं रोऊंगी, भाई को संभालना है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी की 11 जुलाई को हुई हत्या ने उनके दो बच्चों की दुनिया बदल दी है। घटना के चार दिन बाद भी दोनों बच्चे गहरे सदमे में हैं। 7 साल का बेटा अव्यक्त अब भी हर आने-जाने वाले चेहरे में अपनी मां को तलाश रहा है, जबकि 15 साल की बेटी प्रेक्षा ने खुद के आंसू रोककर छोटे भाई को संभालने का फैसला किया है। दोनों फिलहाल अपनी मौसी पूजा के घर रह रहे हैं।

परिजनों के मुताबिक, अव्यक्त अभी तक यह नहीं समझ पा रहा कि उसकी मां अब कभी लौटकर नहीं आएंगी। कई बार वह ठीक से खाना भी नहीं खाता। जब उसे खाना दिया जाता है तो वह मासूमियत से कहता है- मुझे मेरी मम्मी के हाथ से खाना खाना है। वही रोज मुझे खाना खिलाती थीं। उसकी यह बात सुनकर घर में मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो जाती हैं।

**कुछ देर मां को ढूंढता है, फिर कोने में बैठ जाता है-** मौसी पूजा के घर लगातार रिश्तेदार और परिचित सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। इस दौरान अव्यक्त बार-बार एक ही सवाल पूछता है- सब लोग तो आए हैं... लेकिन मेरी मम्मी नहीं दिख रहीं। वो कहां हैं? कब आएंगी? जवाब नहीं मिलने पर वह कुछ देर मां को ढूंढता है और फिर चुपचाप एक कोने में बैठ जाता है।

परिवार की सदस्य मंगला सुनहरी ने बताया कि ओंकारेश्वर में हुए अंतिम संस्कार के दौरान अव्यक्त को गोद में लेकर मुखाग्नि दिलाई गई थी, लेकिन वह अब भी मां के हमेशा के लिए चले जाने की सच्चाई नहीं समझ पाया है।

पुलिस का मानना है कि उसने जांच को गुमराह करने के लिए ऐसा किया। बाद में उसके खलघाट क्षेत्र में देखे जाने की सूचना भी मिली।

**तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तलाश जारी-** संयोगितागंज थाना प्रभारी केपी यादव ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर उसकी घेराबंदी की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बेटी बोली- मैं टूट गई तो उसे कौन संभालेगा?

दूसरी ओर 15 वर्षीय प्रेक्षा के मन से वह भयावह दृश्य नहीं निकल पा रहा, जब उसने घर का दरवाजा खोलकर अपनी मां को खून से लथपथ देखा था। परिजन के अनुसार, घटना को याद करते ही वह सिहर उठती है। इसके बावजूद प्रेक्षा ने खुद को मजबूत बनाने का फैसला किया है। वह रिश्तेदारों से कहती है- अब एक भी आंसू नहीं बहाऊंगी। मुझे अपने छोटे भाई को संभालना है, अगर मैं टूट गई तो उसे कौन संभालेगा? कम उम्र में ही उसके कंधों पर परिवार की बड़ी जिम्मेदारी आ गई है।


### दिल्ली का टिकट कराया, फिर रद्द कर दिया

उधर, हत्या का आरोपी अखिलेश सैनी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस जांच में सामने आया है कि वारदात के बाद उसने स्कूल के पास अपना वाहन छोड़ा और सेंट पॉल स्कूल क्षेत्र से ऑटो में रेलवे स्टेशन पहुंचा। वहां उसने दिल्ली का टिकट बुक कराया, लेकिन कुछ देर बाद उसे रद्द भी कर दिया।

---

एमडी, सट्टा और पुराने मामलों पर पुलिस की जांच

# नाना पटवारी और साथी से एसीपी कार्यालय में घंटों पूछताछ



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने एमडी ड्रग्स, क्रिकेट सट्टे और पुराने मामलों को लेकर नाना पटवारी पर शिकंजा और कस दिया है। बुधवार को पुलिस ने नाना पटवारी और उसके करीबी सुमित मंत्री को पूछताछ के लिए एसीपी कार्यालय बुलाया, जहां देर रात तक दोनों से पूछताछ की गई। इस दौरान नाना के वकील भी थाना परिसर में मौजूद रहे।

डीसीपी नरेंद्र रावत ने पहले ही दोनों को पूछताछ के लिए तलब किए जाने की पुष्टि की थी। बुधवार रात करीब 9 बजे तक दोनों एसीपी कार्यालय में मौजूद रहे, जहां पुलिस अधिकारियों ने उनसे विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ की। हालांकि अधिकारियों ने पूछताछ के विषय और उससे जुड़े तथ्यों का खुलासा नहीं किया।

पुलिस जांच में क्रिकेट सट्टे से जुड़े मामले में नाना पटवारी के तीन अन्य साथियों के नाम भी सामने आए हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है, लेकिन अब तक वे हाथ नहीं लगे हैं। वहीं, मामले में कुछ युवतियों से भी पूछताछ की गई है, हालांकि अब तक ऐसी कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है, जिसके आधार पर नाना के खिलाफ नई कार्रवाई की जा सके। इधर, एमडी ड्रग्स मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपी अभी पुलिस रिमांड पर हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर ड्रग्स नेटवर्क, क्रिकेट सट्टे और नाना पटवारी के कथित कनेक्शन से जुड़े अन्य तथ्यों की जानकारी जुटाने में लगी है।

---

# इंदौर की 1214 करोड़ की जल-सीवर परियोजनाओं को मंजूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

भारत सरकार ने अर्बन चैलेंज फंड के तहत इंदौर नगर निगम की 1,214.54 करोड़ रुपए की जल प्रदाय और सीवरेज परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की बैठक में नगर निगम ने परियोजनाओं का प्रेजेंटेशन दिया, जिसे एपेक्स कमेटी ने स्वीकृति प्रदान की।

स्वीकृत परियोजनाओं में 907.74 करोड़ रुपए की जल प्रदाय परियोजनाएं और 306.80 करोड़ रुपए की सीवरेज परियोजनाएं शामिल हैं। बैठक में मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल और यूडीडी के दिव्यांक सिंह वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

**302 करोड़ की मिलेगी केंद्रीय सहायता-** अर्बन चैलेंज फंड के तहत कुल परियोजना लागत का 25 प्रतिशत, यानी करीब 302.70 करोड़ रुपए केंद्र सरकार से सहायता के रूप में मिलेंगे। इस राशि का उपयोग नर्मदा परियोजना के फेस-4 के तहत जल वितरण लाइन और सीवरेज लाइन बिछाने में किया जाएगा। इससे नगर निगम पर ऋण का बोझ भी कम होगा।

**आधुनिक तकनीक से होगा विकास-** नगर निगम ने बैठक में जल वितरण प्रणाली को मजबूत करने, सीवर नेटवर्क के विस्तार और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के उन्नयन की योजना प्रस्तुत की। इसमें वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीकों के उपयोग की जानकारी दी गई।

---

भरण-पोषण नहीं देने पर फैमिली कोर्ट का फैसला; साढ़े 5 लाख नहीं दिए तो हो सकते हैं गिरफ्तार

# मंदसौर के जॉइंट कलेक्टर के खिलाफ वसूली वारंट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की फैमिली कोर्ट ने मंदसौर के जॉइंट कलेक्टर राहुल चौहान के खिलाफ वसूली वारंट जारी किया है। मामला चौहान और उनकी पत्नी निर्मला के बीच तलाक और भरण पोषण के केस से जुड़ा है।

कोर्ट ने बुधवार को कहा- जिम्मेदार प्रशासनिक पद पर कार्यरत अधिकारी से अदालत के आदेशों का पालन करने की अपेक्षा अधिक होती है। भरण पोषण की राशि का भुगतान नहीं करने पर चौहान के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाएगा।



दरअसल, निर्मला ने फैमिली कोर्ट में याचिका लगाई थी कि अदालत के आदेश के बावजूद चौहान ने नियमित रूप से भरण-पोषण राशि का भुगतान नहीं किया। उनके ऊपर 5 लाख 56 हजार रुपए की राशि बकाया है। पिछली सुनवाई में उन्होंने केवल 40 हजार रुपए जमा किए हैं।

राहुल चौहान फिलहाल मंदसौर जिले की गरोठ तहसील में जॉइंट कलेक्टर हैं। मामले की अगली सुनवाई 20 जुलाई 2026 तय की गई है।

**पत्नी ने लगाए हैं दहेज प्रताड़ना के आरोप-** निर्मला चौहान ने 27 नवंबर 2025 को राहुल चौहान के खिलाफ इंदौर के महिला थाने में दहेज प्रताड़ना की ऋक्षक्र दर्ज कराई थी। इसमें लिखवाया था- मेरी शादी 16 दिसंबर 2018 को हुई थी। तब राहुल चौहान ट्रेनी डिप्टी कलेक्टर थे। शादी दोनों परिवार की मर्जी से हुई थी। मेरी मां ने हैसियत के अनुसार दहेज दिया था।

### कोर्ट ने हर महीने 20 हजार रुपए देने को कहा था

निर्मला चौहान के वकील प्रवीण कचोले ने बताया कि केस 31 अप्रैल 2023 से फैमिली कोर्ट में है। जहां 4 मई 2026 को हर महीने 20 हजार रुपए का भरण पोषण के लिए आदेश दिया गया था। राहुल ने तब से सिर्फ एक बार पिछली पेशी में 40 हजार रुपए भरे हैं। बुधवार को सुनवाई के दौरान राहुल चौहान कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। उनके वकील विनोद पाटीदार ने अदालत को बताया कि उन्हें अपने मुवक्किल की ओर से आगे की पैरवी या उपस्थिति को लेकर कोई निर्देश नहीं मिले हैं।

---

सुप्रीम कोर्ट बोला- नाबालिगों की पोर्न साइट्स तक पहुंच रोकना सरकार की जिम्मेदारी

# मध्य प्रदेश के अधिवक्ता की याचिका पर अहम टिप्पणी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

नाबालिगों की पोर्नोग्राफी तक आसान पहुंच रोकने, इस संबंध में राष्ट्रीय नीति बनाने और प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने की मांग को लेकर मध्य प्रदेश के सेंधवा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बीएल जैन द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है।

सर्वोच्च अदालत ने कहा कि यह मुद्दा निस्संदेह अत्यंत गंभीर और व्यापक जनहित से जुड़ा है, लेकिन यह न्यायिक निर्णय का नहीं बल्कि सरकारी नीति और तकनीकी नियमन का विषय है। इसलिए इस पर निर्णय लेना केंद्र सरकार और संबंधित मंत्रालयों का अधिकार क्षेत्र है।



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की खंडपीठ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि याचिका में उठाया गया विषय सार्वजनिक महत्व का है, लेकिन यह तकनीकी विकास, डिजिटल प्लेटफॉर्म और नीति निर्माण से जुड़ा मामला है। ऐसे विषयों पर संबंधित मंत्रालय और विशेषज्ञ एजेंसियां अधिक उपयुक्त निर्णय लेने की स्थिति में हैं।

**सरकार को सुझाव देने की छूट-** सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए याचिकाकर्ता बीएल जैन को यह स्वतंत्रता दी कि वे अपनी याचिका और विस्तृत अभ्यावेदन केंद्र सरकार तथा संबंधित मंत्रालयों के समक्ष प्रस्तुत करें। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि संबंधित अधिकारी याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए सुझावों और उठाए गए मुद्दों पर विधि अनुसार उचित विचार करें।

**आईटी एक्ट की धारा 69अ का दिया हवाला-** याचिका में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69अ का हवाला देते हुए कहा गया कि केंद्र सरकार के पास कानून के विपरीत या सार्वजनिक हित को प्रभावित करने वाली ऑनलाइन सामग्री को ब्लॉक करने की पर्याप्त कानूनी शक्ति है। इसके बावजूद इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का दावा किया गया।

**अब केंद्र सरकार को सौंपेंगे अभ्यावेदन-** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद याचिकाकर्ता बीएल जैन ने कहा कि वे शीघ्र ही केंद्र सरकार और संबंधित मंत्रालयों को विस्तृत अभ्यावेदन सौंपेंगे, ताकि इस गंभीर सामाजिक चुनौती पर राष्ट्रीय स्तर पर ठोस नीति बनाई जा सके। उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ इंदौर के उपाध्यक्ष एडवोकेट अभिषेक तुगनावत ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप याचिकाकर्ता अब संबंधित मंत्रालयों के समक्ष विस्तृत सुझाव प्रस्तुत करेंगे। उन्हें विश्वास है कि सरकार बच्चों और युवाओं के हित में इस संवेदनशील विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक और प्रभावी कदम उठाएगी।

### याचिका में उठाए गए थे ये मुद्दे

बीएल जैन ने अपनी याचिका में कहा था कि नाबालिगों की पोर्नोग्राफी तक आसान पहुंच बच्चों और किशोरों के मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। विशेष रूप से 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों पर इसका मनोवैज्ञानिक असर भविष्य में सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं को जन्म दे सकता है। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि कई देशों में बाल अश्लीलता और उससे संबंधित सामग्री पर कड़े प्रतिबंध लागू हैं, जबकि भारत में अब भी ऐसी सामग्री तक पहुंच को प्रभावी ढंग से नियंत्रित नहीं किया जा सका है।

# मप्र में 11% कम पानी, जबलपुर समेत 35 जिले सूखे, 19 जुलाई से नया सिस्टम, हेवी रेन का अनुमान

## जबलपुर में सबसे ज्यादा बारिश होने का रिकॉर्ड

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में पिछले 7 दिन से भारी या अति भारी बारिश नहीं हुई है। इससे सूखे जैसे हालात बन रहे हैं। जबलपुर समेत प्रदेश के 35 जिले ऐसे हैं, जहां बारिश का आंकड़ा माइनस में है। पूरे पूर्वी हिस्से जबलपुर, रीवा, सागर-शहडोल संभाग में सूखा है, जबकि पश्चिमी हिस्सा यानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल बेहतर स्थिति में है।

मौसम केंद्र के अनुसार- प्रदेश में अब तक 241.8 मिमी (9.5) बारिश हो चुकी है। यह सामान्य बारिश के 270.3 मिमी (10.6) से 11% कम है। दूसरी ओर, पूर्वी हिस्से के जिलों में 24 प्रतिशत पानी कम गिरा है। वहीं, पश्चिमी हिस्से में 2% ज्यादा बारिश दर्ज की गई है।

19 जुलाई से उत्तर-पश्चिम भारत में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। जिसके असर से प्रदेश में तेज बारिश होने का अनुमान है। हालांकि, बंगाल की खाड़ी से भी नया सिस्टम बन रहा है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी एक्टिव है।



**आज ऐसा रहेगा मौसम-** मौसम विभाग के अनुसार- गुरुवार को इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, भिंड, दतिया, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में हल्की बारिश और आंधी चलने का अनुमान है। वहीं, मुरैना, ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, सागर, रायसेन, भोपाल, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर, देवास, उज्जैन, आगर-मालवा, रतलाम, नीमच और मंदसौर में गर्मी का असर देखने को मिलेगा।

**दूसरे पखवाड़े में अच्छी बारिश-** मौसम एक्सपर्ट शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि फिलहाल प्रदेश स्तर पर मानसून की स्थिति संतोषजनक दिखाई देती है, लेकिन पूर्वी हिस्से में बारिश की कमी से कृषि एवं जल संसाधनों के लिए चिंता का विषय है।

### जून के बाद जुलाई में भी आंकड़ा कम

मौसम विभाग के अनुसार- जून में कम बारिश हुई, लेकिन जुलाई की शुरूआती दिनों में तेज बारिश होने से यह बढ़ गया। हालांकि, पिछले 7 दिन से तेज बारिश नहीं होने से लगातार 3 दिन से आंकड़ा माइनस में आ गया है।

बता दें कि इस महीने पूरे मानसून की एक तिहाई बारिश का ट्रेंड है। जैसे भोपाल में 39 इंच सामान्य बारिश है तो 14 इंच बारिश जुलाई में होती है। बड़े शहरों में जबलपुर ही ऐसा है, जहां सबसे ज्यादा 17 इंच से ज्यादा बारिश होती है। जुलाई के महीने में ही प्रदेश में कोटे की 40 प्रतिशत तक बारिश होती है।

प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जिले की सामान्य बारिश 38 से 39 इंच तक है। प्रदेश में देवास सबसे ज्यादा बारिश वाला जिला है। यहां 102 प्रतिशत ज्यादा पानी गिर चुका है। मौसम विभाग के आंकड़ों की माने तो यहां अब तक 18 इंच बारिश हो चुकी है। इंदौर-सीहोर में 14 इंच बरसात हुई है। हरदा में 15 इंच पानी गिर चुका है। भोपाल में 13.1 इंच पानी गिरा है। आगर-मालवा, अशोकनगर, बैतूल, बुरहानपुर, गुना, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, राजगढ़, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, विदिशा, अनूपपुर, बालाघाट, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, मंडला, पांढुर्णा, पन्ना, सागर, सिवनी और उमरिया जिले भी बेहतर स्थिति में है। आलीराजपुर में सबसे कम सवा 2 इंच ही बारिश हुई है, जो सामान्य से 74 प्रतिशत कम है।

### इंदौर में 24 घंटे में 11.5 इंच बारिश का रिकॉर्ड

इंदौर की बात करें तो 24 घंटे में 11.5 इंच बारिश होने का रिकॉर्ड है, जो 27 जुलाई 1913 में हुई थी। वर्ष 1973 को पूरे महीने 30.5 इंच पानी गिरा था। बारिश के चलते यहां भी तापमान में गिरावट देखने को मिलती है। इंदौर में महीने की एवरेज बारिश 12 इंच है। एवरेज 13 दिन यहां बारिश होती है।

## खबर एक नजर...

### दतिया:628 अवैध हथियारों पर चला रोड रोलर, गड्ढे में दफनाए



**झांसी।** तस्वीर बुधवार को दोपहर 12 बजे झांसी चुंगी स्थित कंट्रोल रूम के सामने की है। सड़क पर लाइन से बिछे ये अवैध हथियार हैं। इनमें 12 बोर अधिया से लेकर 315 बोर के कट्टा, बंदूक, रायफल। सभी हथियार हैं। कुल 628 अवैध हथियार हैं। ये हथियार वर्ष 2007 से 2026 तक के प्रकरणों में जब्त किए गए। प्रकरणों का न्यायालय से निपटारा होने के बाद न्यायालय के आदेश पर इन सभी हथियारों पर रोड रोलर चलाकर नष्ट किया गया। नष्ट होने के बाद सभी हथियारों को जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर दफनाया गया। कार्रवाई के दौरान भांडेर एसडीओपी पूनमचंद्र यादव, आरआई सौरव तिवारी, अजय वर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

# ग्वालियर के कुलैथ में निकलती है भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भगवान जगन्नाथ का नाम आते ही सबसे पहले ओडिशा के विश्व प्रसिद्ध पुरी धाम और वहां की भव्य रथयात्रा की छवि सामने आती है। लेकिन, बहुत कम लोग जानते हैं कि तानसेन की नगरी ग्वालियर से महज 17 किलोमीटर दूर स्थित कुलैथ गांव भी भगवान जगन्नाथ की अद्भुत परंपराओं का साक्षी है।

अंचल में 'मिनी पुरी' या 'छोटा पुरी' के नाम से प्रसिद्ध इस गांव में करीब 180 वर्षों से महाप्रभु जगन्नाथ उसी शुद्ध परंपरा, नेम-नियम और सात्विक श्रद्धा के साथ विराजमान हैं। यहां रथयात्रा से पहले भगवान के एकांतवास (अनसर) में जाने की परंपरा निभाई जाती है।

वहीं, भोग अर्पित करते ही मिट्टी के पात्र का चार हिस्सों में टूट जाना आज भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आश्चर्य का विषय बना हुआ है। ये परंपराएं देशभर के श्रद्धालुओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करती हैं।

मंदिर के वर्तमान पुजारी किशोरीलाल श्रीवास्तव बताते हैं कि कुलैथ की 'मिनी पुरी' की स्थापना के पीछे एक नौ वर्षीय अनाथ बालक की मार्मिक लोककथा जुड़ी है। उनके अनुसार, वर्ष 1807 में कुलैथ निवासी सांवलेदास के माता-पिता का असमय निधन हो गया। परिजनों ने उसे सांत्वना देने के लिए कहा कि उसके माता-पिता भगवान जगन्नाथ के धाम पुरी चले गए हैं। मासूम ने इसे सच मान लिया और उनसे मिलने की जिद ठान ली।

महज 9 साल की उम्र में वह दंडवत (लेटकर) यात्रा करते हुए पुरी के लिए निकल पड़ा। यहीं से शुरू हुई वह आस्था की यात्रा, जो आगे चलकर कुलैथ में 'मिनी पुरी' की स्थापना का आधार बनी।

### 7 दंडवत यात्राओं के बाद कुलैथ पहुंचे महाप्रभु

मंदिर की मान्यता के अनुसार, पुरी की यात्रा के दौरान सांवलेदास की मुलाकात संत रामदास महाराज से हुई। बालक की अटूट भक्ति से प्रभावित होकर संत ने कहा कि यदि वह सात बार दंडवत करते हुए पुरी की यात्रा पूरी करेगा तो भगवान जगन्नाथ स्वयं उसे दर्शन देंगे। सांवलेदास ने कई वर्षों तक कठिन तप और साधना के साथ यह संकल्प पूरा किया।



वर्ष 1844 की यात्रा के दौरान महाप्रभु ने स्वप्न में दर्शन देकर कुलैथ में अपनी स्थापना का आदेश दिया। दो वर्ष बाद 1846 में उन्हें फिर स्वप्न आया कि गांव के पास बहने वाली सांक नदी में चंदन की दिव्य मूर्तियां तैर रही हैं।

### कूरियर फ्रैंचाइसी के नाम पर एक लाख की ठगी

**रतलाम।** रतलाम में कूरियर ऑफिस की फ्रैंचाइसी खोलने के नाम पर एक लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने ऑनलाइन कंपनी का विज्ञापन देख संपर्क किया। पीड़ित ने ऑफिस के लिए सामान भी खरीद लिया। कंपनी द्वारा चार बार में बैंक खाते में कुल 1 लाख रुपए जमा करा लिए। एग्रीमेंट भी करवा लिया। लेकिन रुपए लेने के बाद ना तो कंपनी ने संपर्क किया और नहीं कोई ऑफिस खुल पाया। मामला थाना औद्योगिक क्षेत्र का है। सखवाल नगर निवासी भारत (27) पिता कालूराम राठौड़ की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार देर शाम सायबर फ्रॉड के तहत अज्ञात के खिलाफ धारा 318(2) 319 (4) केस दर्ज किया है।

### चाकू की नोक पर लूट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** सतना के कोलगवां थाना पुलिस ने चाकू अड़ाकर मोबाइल और स्कूटर लूटने के मामले में बुधवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया मोबाइल फोन और स्कूटर बरामद कर लिया है। यह घटना बीते 12 जुलाई की रात को हुई थी। आदर्श नगर-नईबस्ती निवासी 23 वर्षीय अमित श्रीवास्तव अपने दोस्त अश्वनी शुक्ला के साथ आईटीआई कॉलेज के पास बातचीत कर रहे थे। तभी बाइक पर सवार तीन बदमाश वहां पहुंचे। बदमाशों ने चाकू अड़ाकर अमित और अश्वनी के साथ मारपीट की। इसके बाद वे उनका मोबाइल फोन और स्कूटर क्रमांक एमपी 19 जेडजे 7413 लूटकर फरार हो गए। पीड़ितों ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। मुखबिरों को सक्रिय करने के साथ ही पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर तीन बदमाशों की पहचान की गई। आरोपियों की पहचान 19 वर्षीय निखिल पिता संतोष बाल्मीक, 21 वर्षीय भारत उर्फ राजेंद्र उर्फ छोटू पिता पप्पू बंसल और एक नाबालिग के रूप में हुई।

# भोजशाला में एक ही एंट्री गेट, फिर नमाज कैसे होगी?

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश, प्रशासन के सामने 5 चुनौतियां

ब्रह्मास्त्र ›› धार

धार के भोजशाला मंदिर के बाहर कहीं मुस्लिमों को नमाज अदा करने शुक्रवार दोपहर 1 से 3 के बीच खुला स्थान दिया जाएङ्ग जब सुप्रीम कोर्ट ने एमपी सरकार को यह कहा तो यह मामला फिर से चर्चा में आ गया।

इससे पहले मध्यप्रदेश हाईकोर्ट पूर्व फैसले में भोजशाला को मंदिर मानते हुए हिंदू पक्ष को पूरे वर्ष पूजा-अर्चना का अधिकार दे चुका है। ऐसे में अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि एक ही परिसर में दोनों धार्मिक गतिविधियां कैसे संचालित होंगी? नमाज किस खुले स्थान पर होगी, नमाजी किस रास्ते से आएंगे, श्रद्धालुओं की आवाजाही कैसे जारी रहेगी और एक ही मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था कैसे संभाली जाएगी?



फिलहाल प्रशासन ने इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की है और न्यायालय के आदेश का अध्ययन कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

### भोजशाला परिसर में जाने एक ही मुख्य द्वार

भोजशाला परिसर में वर्तमान में केवल एक ही मुख्य प्रवेश द्वार है। यहीं पर पुलिस की स्थायी चौकी स्थापित है, जहां सुरक्षा जांच के बाद श्रद्धालुओं को परिसर में प्रवेश दिया जाता है। सामान्य दिनों में दर्शन और पूजा के बाद श्रद्धालु इसी मार्ग से बाहर निकलते हैं।

हालांकि, बसंत पंचमी जैसे बड़े आयोजनों में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन वैकल्पिक निकास व्यवस्था लागू करता है। ऐसे अवसरों पर भोजशाला परिसर के बाईं ओर बने छोटे निकास द्वार से श्रद्धालुओं को बाहर निकाला जाता है। वहां से श्रद्धालु सीढ़ियों से नीचे उतरते हुए दाईं ओर बढ़ते हैं और मुख्य प्रवेश द्वार के पास स्थित पुलिस चौकी के समीप से बाहर निकलते हैं, जिससे मुख्य प्रवेश मार्ग पर दबाव कम किया जा सके। वर्ष 2006 में पहली बार बसंत पंचमी और शुक्रवार एक साथ पड़े थे। उस समय मुख्य प्रवेश द्वार पर हजारों हिंदू श्रद्धालु मौजूद थे और निर्धारित समय पर मुस्लिम समाज को जुम्मे की नमाज भी अदा करनी थी। भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने मुस्लिम नमाजियों को भोजशाला के पीछे स्थित लकड़ी पीठ क्षेत्र की ओर से प्रवेश कराया।

### बसंत पंचमी और शुक्रवार आने पर हमेशा चुनौती

भोजशाला के इतिहास में कई बार बसंत पंचमी और शुक्रवार एक ही दिन पड़े हैं। ऐसे अवसरों पर प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती एक ओर हजारों हिंदू श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना और दूसरी ओर मुस्लिम समाज की जुम्मे की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना रही है। ऐसे संवेदनशील अवसरों पर जिला प्रशासन, पुलिस, एएसआई तथा दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ कई दौर की बैठकें आयोजित होती रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश-निकास, बैरिकेडिंग और समय निर्धारण को लेकर विस्तृत प्लान तैयार किए जाते रहे हैं।

## हरदा में 12 घंटे बाद किसानों ने खत्म किया चक्काजाम

ब्रह्मास्त्र ›› हरदा

हरदा में आम किसान यूनियन द्वारा इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह से जारी चक्काजाम देर रात 12 बजे स्थगित कर दिया गया। यह प्रदर्शन मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी, खाद वितरण में ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने और फसल बीमा की मांगों को लेकर किया गया था।

किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर सिद्धार्थ जैन से मुलाकात कर अपनी प्रमुख मांगों पर विस्तृत चर्चा की। प्रशासन ने किसानों को उनकी मांगों को कृषि विभाग के उच्च अधिकारियों के समक्ष रखने और मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कराने का आश्वासन दिया।


### आश्वासन के बाद मान गए किसान संगठन

आम किसान यूनियन के सदस्य दिनेश लेगा ने बताया कि प्रशासन के आश्वासन के बाद नेशनल हाईवे 47 पर जारी अनिश्चितकालीन चक्काजाम समाप्त कर दिया गया। लगभग 12 घंटे तक चले इस प्रदर्शन के कारण मार्ग पर आवागमन बाधित रहा, जो अब फिर से शुरू हो गया है। जिले के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में किसानों ने इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया था। चक्काजाम इंदौर-नागपुर फोरलेन पर आयोजित किया गया था।

### गर्लफ्रेंड की शादी से बौखलाकर मासूम भाई को मार डाला

**ग्वालियर।** प्यार में नाकामी, प्रतिशोध की आग और एक बेकसूर बच्चे की दर्दनाक मौत... ग्वालियर से सामने आई यह वारदात सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि इंसानी संवेदनाओं को झकझोर देने वाली कहानी है। अपनी पूर्व प्रेमिका की शादी दूसरी जगह होने से बौखलाए एक युवक ने बदला लेने के लिए उसके 12 साल के छोटे भाई को अपनी हैवानियत का शिकार बना डाला। वारदात के 19 महीने बाद 6 जुलाई को जिला अदालत ने दो आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। 29 जुलाई 2024 का दिन था। 12 वर्षीय हेम सिंह उर्फ हेमू घर से गुप्तेश्वर महादेव का मेला देखने निकला था। रास्ते में उसकी बड़ी बहन के पूर्व प्रेमी शिवम कुशवाह ने उसे रोक लिया। शिवम अपने साथी अमन गोस्वामी के साथ हेमू को बहला-फुसलाकर बाइक पर बैठाया और देवखो के जंगल ले गया। शिवम का हेमू की बहन नंदिनी से प्रेम-प्रसंग था। नंदिनी के परिवार वाले इस रिश्ते के खिलाफ थे। उन्होंने उसकी शादी कहीं और कर दी।

# मेड़ तोड़ने के आरोप के बाद भड़का विवाद, जमीन के लिए खूनी संघर्ष



ब्रह्मास्त्र ›› मुरैना

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंबाह बायपास स्थित नाला नंबर-1 सीवर प्लांट के पास बुधवार को जमीन पर कब्जे के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

दो पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते गाली-गलौज फायरिंग में बदल गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर कई राउंड गोलियां चलाईं, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित कर जांच शुरू की।

गिर्राज शर्मा ने पुलिस को बताया कि अंबाह बायपास स्थित उनकी जमीन से लगी भूमि संदीप परमार और हरिसिंह राठौर की है। आरोप है कि दो दिन पहले दोनों ने खेत की मेड़ तोड़ दी और जमीन में गड़े सीमांकन के निशान हटा दिए। बुधवार सुबह शिकायत करने हरिसिंह के घर पहुंचे तो वहां विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्ष खेत पर पहुंचे, जहां कहासुनी के बीच दोनों ओर से फायरिंग शुरू हो गई।

### प्रशासन-ठेकेदार दोनों बेपरवाह

# खदानों के नाम पर खोदे 100 फीट गहरे जानलेवा गड्ढे, राजगढ़ में इनमें डूबकर जा चुकीं तीन जानें

ब्रह्मास्त्र ›› राजगढ़

बारिश का सीजन चल रहा है। ऐसे में खदानों में डूब कर जान गंवाने के मामले सामने आने लगे हैं। 7 जुलाई को राजगढ़ जिले के ब्यावरा के जगनिया पुरा में खदान में डूबने से दो बच्चों समेत एक युवती की मौत हो गई। दोनों बच्चे अपनी बुआ के साथ खदान पर नहाने गए थे।

हर साल होने वाले इन हादसों के बाद सवाल उठता है कि आखिर गलती किसकी? जिला प्रशासन, खदान मालिक या जान गंवाने वालों की। दैनिक भास्कर की टीम ने राजगढ़ के ब्यावरा में हुए हादसे के बाद पड़ताल की। मृतक निखरा पारधी (5), नम्रता (9) और दोनों बच्चों को बचाने के लिए पानी में कूदी उनकी बुआ सायराबाई हैं।



ब्यावरा में 35 से ज्यादा स्टोन क्रेशर मशीन संचालित हैं। खदानों में खनन के लिए खनिज विभाग और जिला प्रशासन द्वारा लीज पर दी गई भूमि पर तय गाइड लाइन के अनुसार खुदाई करने को कहा जाता है। समय-समय पर जांच भी की जाती है, लेकिन ठेकेदार नियमों को ताक पर रखकर खनन कराते हैं। नतीजा, इन गड्ढों की गहराई 100 फीट से ज्यादा तक पहुंच गई है। देखने में ये बड़े तालाब से नजर आने लगे हैं।

इन खदानों के आसपास न तो पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था है, न चेतावनी बोर्ड या मजबूत घेराबंदी दिखाई देती है। बारिश के मौसम में ये गहरे गड्ढे पानी से भर जाते हैं, जिससे वास्तविक गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में बच्चों, मवेशियों और राहगीरों के हादसे का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले के खनिज विभाग को जानकारी होने के बाद भी एक्शन नहीं हुआ।

7 जुलाई को इसी खदान के गड्?ढे में डूबकर तीनों की मौत हुई है। गांव के पास क्रशर मशीन संचालित है। यहां खदान से पत्थरों का खनन किया जाता है। उसे क्रेशर की मदद से स्टोन, गिट्टी और क्रेशर सेंट बनाई जाती है। खनिज विभाग द्वारा एक हेक्टेयर भूमि खुदाई के लिए आवंटित की गई। इस कारण यहां बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। साल भर इनमें पानी भरा रहता है।

# सतना में तेज रफ्तार कार पलटी, 100 लीटर शराब बरामद

ब्रह्मास्त्र ›› सतना

सतना में बुधवार रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बगहा-संतनगर मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार और सड़क पार कर रहे एक राहगीर को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कार पलटने पर उसमें भारी मात्रा में शराब मिली, जिससे यह मामला सड़क हादसे के साथ-साथ शराब तस्करी का भी बन गया।

पुलिस के अनुसार, यह घटना बुधवार रात करीब 9 बजे हुई। संतनगर निवासी संदीप गर्ग (35) चित्रकूट की ओर से बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे हाईवे से घर की ओर मुड़े, सिविल लाइन की तरफ से आ रही एक बिना नंबर की तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसी दौरान, कार ने सड़क पार कर रहे अहिरगांव निवासी धीरज कुमार नामदेव को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में संदीप गर्ग और धीरज कुमार नामदेव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।



कार पलटने के बाद उसमें रखी कई शराब की बोतलें टूट गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली तो कार से 100 लीटर से अधिक अवैध शराब बरामद हुई। हादसे के बाद मौके से भागने की कोशिश कर रहे दो आरोपियों को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि, उनके दो अन्य साथी मौके से फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर लिया है और पकड़े गए आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। फरार हुए अन्य दो आरोपियों की तलाश के लिए भी अभियान शुरू कर दिया गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस इस मामले में सड़क हादसे और शराब तस्करी दोनों पहलुओं से जांच कर रही है।

# कटरीना@43, छोटे कपड़े पहने देख सलमान ने मारा



साल 2000 के आसपास की बात है। करीब 18 साल की कटरीना कैफ को अनुराग बासु के निर्देशन में बन रही फिल्म साया मिली, जिसमें जॉन अब्राहम लीड रोल में थे। ये उनकी पहली बतौर लीड बॉलीवुड फिल्म होती। एक रात उन्हें शूटिंग पर बुलाया गया। न डायलॉग था, न एक्सप्रेशन, बस डमी पासिंग शॉट देना था। अगले दिन फिर उन्हें बुलाया गया, एक सीन शूट किया गया और तुरंत पैकअप हो गया। कुछ देर बाद वहां मौजूद प्रोड्यूसर महेश भट्ट ने कहा कि इस लड़की को फिल्म से हटा दो। टीम ने जब ये बात उन्हें बताई, वो रो पड़ीं। वो बिलखते हुए सेट से निकलीं। उन्हें लगा कि उनका करियर यहीं खत्म हो गया और वे कभी एक्टिंग नहीं कर पाएंगी।

कटरीना के लिए ये रिजेक्शन झेलना मुश्किल था। हॉन्गकॉन्ग में जन्मीं कटरीना ने महज 14 की उम्र से मॉडलिंग करना शुरू किया। एक एशियन दोस्त के कहने पर वो भारत घूमने आईं, जहां उन्हें बी-ग्रेड फिल्म बूम (2003) में काम मिल गया। इस फिल्म के बाद उन्हें कई ऑफर मिले थे, जिसके बाद उन्होंने बॉलीवुड एक्ट्रेस बनने का सपना देखा था। सेट से भगाए जाने के बाद शाम को सलमान खान मिले, तो कटरीना उनके सामने भी रो पड़ीं। ये देखकर सलमान हंसने लगे।

कटरीना चिढ़कर बोलीं- मुझे मेरी पहली फिल्म से निकाला गया, मेरी जिंदगी खत्म हो गई और तुम हंस रहे हो। सलमान ने जोर से हंसते हुए कहा- इससे कुछ नहीं होगा, मैं जानता हूं कि तुम बहुत आगे जाने वाली हो। ये सब होगा, मेरे पास अभी जवाब नहीं है, लेकिन तुम देखोगी कि तुम कितना आगे जाओगी। उस रोज सलमान की कही हुई बात वाकई सच हुई। जिस फिल्म साया से कटरीना को निकाला गया वो फ्लॉप हो गई और 2005 में कटरीनी की एक नहीं बल्कि दो बड़ी फिल्में रिलीज हुईं।

# लव जिहाद का ब्रांड एंबेसडर कहने पर आमिर की सफाई



तीसरी शादी करने के बाद एक्टर आमिर खान को सोशल मीडिया पर लव जिहाद का ब्रांड एंबेसडर कहा जा रहा है। आमिर ने इन आरोपों पर सफाई दी है।

वेबसाइट रेडिफ के साथ बातचीत में आमिर ने कहा- मेरी तीनों शादियों में किसी भी पत्नी ने धर्म परिवर्तन नहीं किया, क्योंकि शादियां सिविल मैरिज थीं। तीसरी पत्नी गौरी हिंदू नहीं बल्कि ईसाई हैं।

आमिर ने कहा- मेरी बेटी इरा की शादी एक हिंदू से हुई है। मेरी दोनों बहनों निखत खान और फरहत खान के पति भी हिंदू हैं। कजिन मंसूर की शादी एक ईसाई से हुई है।

एक्टर आमिर खान और उनकी पार्टनर गौरी स्प्रैट ने 5 जुलाई को शादी की। दोनों ने मुंबई के पाली हिल (बांद्रा) स्थित आमिर के घर पर शादी के कागजात पर साइन किए। यह एक प्राइवेट मैरिज सेरेमनी थी, जिसमें दोनों परिवारों के लोग और कुछ बेहद करीबी दोस्त ही शामिल हुए। शादी स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत कोर्ट मैरिज के रूप में रजिस्टर की गई।

## प्रेग्नेंसी में डोसा खाने पहुंची दीपिका पादुकोण

बॉलीवुड कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपने दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच दोनों मुंबई में लंच डेट के लिए पहुंचे। मंगलवार को यह कपल भारी सुरक्षा के बीच मुंबई के एक मशहूर रेस्टोरेंट में बेने डोसा खाने पहुंचा। सोशल मीडिया पर इस आउटिंग के वीडियो सामने आए हैं, जिसमें दोनों रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह रेस्टोरेंट में खाना खाने के बाद बाहर निकलते हुए दिख रहे हैं। दोनों ने इस आउटिंग को काफी सिंपल रखा और कैजुअल कपड़े पहने हुए थे। दीपिका ने एक ढीला को-आर्ड सेट पहना था, जबकि रणवीर टी-शर्ट और काली पैंट में नजर आए। दोनों ने अपने चेहरे पर मास्क लगा रखा था और वे अपनी कार की तरफ बढ़ गए। जब वे रेस्टोरेंट से बाहर आ रहे थे, तब दीपिका के सुरक्षाकर्मियों ने वहां मौजूद लोगों से वीडियो न बनाने का अनुरोध भी किया। दीपिका और रणवीर का इस रेस्टोरेंट से पुराना जुड़ाव रहा है। यह पहली बार नहीं है जब दोनों इस जगह पर बेने डोसा खाने पहुंचे हैं। इससे पहले भी यह कपल रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का जश्न मनाने के लिए इसी रेस्टोरेंट में आया था।

## 'वो बहुत अच्छा इंसान है'

# पति जैद से गौहर खान ने की थी एक्स बॉयफ्रेंड कुशाल टंडन की तारीफ



**जैद दरबार ने हाल ही में बताया कि रियलिटी शो 'अलायंस' में आने से पहले उनकी पत्नी गौहर खान ने एक्स बॉयफ्रेंड कुशाल टंडन की तारीफ करते हुए उन्हें अच्छा इंसान बताया था।**

यह बातचीत शो के दौरान सोहेल खान के सामने हुई, जहां जैद और कुशाल ने अपने पुराने रिश्ते पर बात की।

शो 'अलायंस' में इन दिनों जैद दरबार और कुशाल टंडन एक ही टीम का हिस्सा हैं। गौहर और कुशाल के पुराने रिश्ते को देखते हुए दर्शकों को दोनों के बीच तनाव की उम्मीद थी, लेकिन शो में दोनों के बीच अच्छी दोस्ती देखने को मिल रही है।



शो के दौरान सोहेल के सामने बातचीत में जैद ने कुशाल से कहा कि शुरूआत में दोनों के बीच लड़ाई हो सकती थी, लेकिन समझदारी ने ऐसा नहीं होने दिया। इस पर कुशाल ने बताया कि एक समय वह उसी लड़की से प्यार करते थे, जिससे आज जैद की शादी हुई है।

जिस पर जैद ने कहा कि हमारे रिश्ते आज भी अच्छे हैं क्योंकि हम दोनों परिपक्व हैं। उस बात को 15 साल हो चुके हैं। अब मेरे दो बच्चे हैं। मेरी पत्नी ने मुझसे सिर्फ एक बात कही कि वह बहुत अच्छे इंसान हैं। मुझे अपनी पत्नी पर पूरा और अटूट भरोसा है। जैद ने बताया कि वह शुरूआत में कुशाल से मिलने को लेकर थोड़े नर्वस थे। हालांकि, पहली मुलाकात में कुशाल ने उन्हें गले लगाकर सहज महसूस कराया।

### गौहर खान और कुशाल टंडन रिलेशनशिप में थे

गौहर खान और कुशाल टंडन की मुलाकात 2013 में शो 'बिग बॉस 7' के दौरान हुई थी। दोनों ने कुछ समय तक एक-दूसरे को डेट किया, लेकिन 2014 में उनका ब्रेकअप हो गया।

बाद में गौहर जैद दरबार के साथ रिलेशनशिप में आईं। दोनों ने 25 दिसंबर 2020 को निकाह किया। मई 2023 में उनके पहले बेटे जेहान का जन्म हुआ। वहीं, सितंबर 2025 में दूसरे बेटे फरवान का जन्म हुआ।

गौहर ने अपने करियर की शुरूआत एक मॉडल के तौर पर की थी। वह फेमिना मिस इंडिया 2002 में चौथे स्थान पर रहीं और मिस टैलेंटेड का खिताब जीता। उन्होंने 'रॉकेट सिंहः सेल्समैन ऑफ द ईयर' (2009) से एक्टिंग में डेब्यू किया। इसके बाद वह 'इश्कजादे' (2012) और 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' (2017) जैसी फिल्मों में नजर आईं। जैद मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर इस्माइल दरबार के बेटे हैं। वहीं, डांसर अवेज दरबार और अनम दरबार उनके भाई-बहन हैं।

# सरेआम गोद में बैठाने वाले राघव जुयाल हैं खास दोस्त

डेटिंग की अफवाहों के बीच शहनाज गिल ने राघव जुयाल को अपना बेहद करीबी और अच्छा दोस्त बताया। साथ ही उन्होंने लोगों से उनकी आगामी फिल्म को सपोर्ट करने की अपील की। गौरतलब है कि हाल ही में शहनाज गिल और राघव जुयाल का एक वीडियो सामने आया था। इसके बाद दोनों के अफेयर को लेकर चर्चाएं तेज हो गई थीं। पिंकविला को दिए इंटरव्यू के दौरान जब शहनाज से राघव जुयाल के साथ उनके रिश्ते को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा, ₹प्लीज, मुझसे पर्सनल सवाल मत पूछिए। हालांकि, शहनाज ने कहा, ₹मैं बस इतना कहना चाहूंगी कि मेरे दोस्त की फिल्म आ रही है। 'भाई तेरा स्टार है', इसलिए आप सभी से गुजारिश है कि उसकी फिल्म को जरूर सपोर्ट करें।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## रंग भरकर चित्र बनाओ





## ˙जोक्स

मंटू - कल मैंने रॉकेट छोड़ा
तो सीधे सूरज से जा टकराया।
घंटू - क्या बात कर रहा है?
मंटू - फिर क्या? मेरी पिटाई हुई।
घंटू - किसने मारा?
मंटू - सूरज की मम्मी ने...


00000000000


सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना। वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।

000000000

डॉक्टर - तुमने आने में देर कर दी।
पप्पू - क्या हुआ डॉक्टर साहब, कितना वक्त बचा है मेरे पास? डॉक्टर - मर नहीं रहे हो,
6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।

## वर्ग पहेली






### बाएं से दाएं

1. कवि की रचना, गजल-3
3. अनुमान, अंदाज-3
5. सद्‌पुरुष-2
6. अयोग्य, असंगत-2
8. स्वार्थ, लोभ-4
10. सहयोग, सहकार-3
11. उन्माद, सनक-3
12. भगवान का आराधक-2
13. ठंडक, शीतलता-2
14. दूल्हे के सिर पर बांधी जाने वाली पगड़ी-3
16. चांदी-3
18. गंवारपन, अशिष्टता-4
20. पैंदा, तला-2
22. वर्तमान दिन-2
23. बहने का भाव-3
24. गमन, विदा होना-3

### ऊपर से नीचे

1. हुनर, फन, आर्ट-2
2. बल, दम, जोर-3
3. समीप, नजदीक-3
4. गलत का विलोम-2
5. भ्रम, संदेह-3
7. उपनदी, कैनाल-3
8. नशे से भरपूर-4
9. लाख, सौ हजार-2
11. स्वभाव, आदत-4
14. स्वास्थ्य-3
15. इस जगह-2
17. तहजीब, शिष्टता-3
18. इकट्ठा होना-3
19. रेखा, लाइन-3
21. होठ, अधर-2
22. आगमन-2

## माथा पच्ची



**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.


## शब्दों का जाल



शब्दजाल में 'क' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढ़िए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.


कबूतर, कमजोर, कलयुग, कलंक, कलश, कलाई, करामात, करतूत कर्म, कमर

## अष्टयोग




प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल




### अष्टयोग का हल



### शब्दजाल का हल




## सूडोकू नवताल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.


### सूडोकू नवताल का हल



# भारत पर 100% टैरिफ लगा सकता है अमेरिका





## रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर कार्रवाई की तैयारी; संसद में बिल पेश, 5 देश निशाने पर




**अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक संशोधित बिल पेश किया गया है। इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा गया है।**

बिल के मुताबिक भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान पर 100% टैरिफ लगाया जा सकता है। यह बिल रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के समर्थन से लाया जा रहा है। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके। इसके तहत रूस के अधिकारियों, शैडो टैंकर बेड़े, केंद्रीय बैंक और सरकारी ऊर्जा परियोजनाओं पर भी प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। पहले बिल के शुरूआती मसौदे में 500% टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 100% कर दिया गया।

अगर यह बिल पास हो जाता है, तो अमेरिका पहली बार किसी देश पर सिर्फ इसलिए टैरिफ लगाएगा, क्योंकि वह रूस से तेल खरीदकर उसकी कमाई बढ़ा रहा है।




नोट- आंकड़े 2026 के पहले 6 महीने के हैं।
(सोर्स केपलर, रॉयटर्स, LSEG)


## भारत ने पिछले महीने आधे से ज्यादा तेल रूस से खरीदा

भारत ने जून 2026 में रूस से रिकॉर्ड 26.1 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल खरीदा, जो देश के कुल तेल आयात का 52.4% था। यानी पिछले महीने भारत में आयात होने वाले हर दो बैरल तेल में एक से ज्यादा बैरल रूस से आया। रूस लगातार भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना हुआ है। मई के मुकाबले जून में रूस से तेल आयात में करीब 39% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

रूस से प्राकृतिक गैस खरीदने वाले चीन, फ्रांस, जापान, हंगरी और बेल्जियम को भी इसके दायरे में रखा गया है। हालांकि, जो देश रूस की कुल गैस निर्यात का 15% से कम आयात करते हैं और अपनी निर्भरता घटाने की दिशा में कदम उठा रहे हैं, उन्हें छूट मिल सकती है। सीनेट में पेश बिल के तहत 15 यूरोपीय देशों को प्रस्तावित 100% टैरिफ से छूट दी गई है। इन देशों को राहत इसलिए दी गई है, क्योंकि ये रूस से 15% से कम प्राकृतिक गैस खरीदते हैं और धीरे-धीरे उस पर अपनी निर्भरता भी कम कर रहे हैं। डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने कहा कि यह बिल यूरोपीय सहयोगियों के खिलाफ नहीं है। इसका निशाना सिर्फ वे देश हैं, जो अब भी रूस के तेल कारोबार को सबसे ज्यादा आर्थिक सहारा दे रहे हैं। बिल में रूस के ऊर्जा उद्योग, वित्तीय संस्थानों, रक्षा औद्योगिक ढांचे, कारोबारियों और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है।

### 9 दिन में 116 जहाजों पर हमले हुए

# यूक्रेन के हमले से रूस में भी होर्मुज जैसा संकट:एजोव सागर में जहाजों की आवाजाही रुकी




ब्रह्मास्त्र ▸▸ रूस

यूक्रेन के लगातार ड्रोन हमलों के बाद रूस को बड़ा झटका लगा है। इस सप्ताह हमलों की वजह से रूस को एजोव सागर के अहम समुद्री रास्तों पर जहाजों की आवाजाही रोकनी पड़ी। इससे दुनिया के दूसरे देशों के साथ रूस का व्यापार प्रभावित होने लगा है। एजोव सागर लंबे समय तक यूक्रेन की पहुंच से बाहर रहा था। रूस इसी समुद्री रास्ते का इस्तेमाल यूक्रेन पर हमले करने और दक्षिणी रूस से तेल, गेहूं, स्टील, सूरजमुखी का तेल और दूसरे सामान दुनिया के बाजारों तक पहुंचाने के लिए करता था। लेकिन हाल के महीनों में यूक्रेन के ड्रोन हमले काफी प्रभावी हो गए हैं और अब इस समुद्री रास्ते पर भी रूस का दबदबा कमजोर पड़ने लगा है। यूक्रेन की ड्रोन सेना के कमांडर रॉबर्ट ब्रोवदी ने बुधवार को दावा किया कि पिछले 9 दिनों में एजोव सागर में रूस के 116 जहाजों को निशाना बनाया गया है। पहले यूक्रेन के हमले मुख्य रूप से रूस के शैडो ऑयल टैंकरों और युद्धपोतों तक सीमित थे, लेकिन अब हमलों का दायरा बढ़ गया है।

### रूस के दो अहम समुद्री रास्ते बंद




लगातार हमलों के बाद रूस ने डॉन-एजोव चैनल और केर्च स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही रोक दी है। डॉन-एजोव चैनल एजोव सागर को रूस की अंदरूनी नदियों और जलमार्गों से जोड़ता है। केर्च स्ट्रेट एजोव सागर को ब्लैक सी से जोड़ता है। सैटेलाइट तस्वीरों और जहाजों की ट्रैकिंग करने वाली बेवसाइट्स के मुताबिक, इन दोनों रास्तों के दोनों ओर बड़ी संख्या में जहाज फंसे हुए हैं और आगे बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इसका असर सिर्फ रूस के तेल व्यापार तक सीमित नहीं रहेगा। इससे गेहूं, सूरजमुखी के तेल और दूसरे कृषि उत्पादों के निर्यात पर भी असर पड़ सकता है, जिन पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंध लागू नहीं हैं। अमेरिका के इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर का कहना है कि यूक्रेन के हमलों का मकसद क्रीमिया को रूस की सप्लाई लाइन से अलग करना और समुद्री रास्तों से होने वाले तेल व अनाज के निर्यात को बाधित करना है।

# अमेरिका ने 7 घंटे तक ईरान पर बम बरसाए, सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

अमेरिका ने मंगलवार रात लगातार चौथे दिन ईरान पर हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, करीब सात घंटे तक चले ऑपरेशन में होर्मुज स्ट्रेट के आसपास ईरान के मिसाइल और ड्रोन ठिकानों, नौसैनिक संसाधनों और कोस्टल डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया गया।

उधर, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उसने जवाबी अभियान शुरू करते हुए बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। बहरीन के अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट बेस और जॉर्डन के अजराक एयरबेस को निशाना बनाने का भी दावा किया। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तेहरान समझौते के लिए आगे नहीं आया, तो अगले हफ्ते बिजलीघरों और पुलों को भी निशाना बनाया जाएगा। दूसरी ओर, ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुकेगा और होर्मुज स्ट्रेट पर अपनी रणनीति जारी रखेगा।




ईरानी हमलों के बाद कई शिपिंग कंपनियां होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने के लिए अमेरिका की सुरक्षा लेने से भी बच रही हैं। उठठ को समुद्री सुरक्षा और शिपिंग उद्योग से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

28 फरवरी को ईरान-अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद ईरान ने कथित तौर पर इस समुद्री मार्ग में बारूदी सुरंगें (माइंस) बिछा दीं। इसके बाद जहाजों को ईरान या ओमान के तट के करीब बने वैकल्पिक रास्तों से गुजरना पड़ रहा है।

## गुंजी में 3 हजार क्विंटल गुड़-मिश्री पर सीलन का खतरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिथौरागढ़

नेपाल के व्यापारियों को तिब्बत की पुरंग मंडी में कारोबार की अनुमति मिल गई है, लेकिन भारतीय व्यापारी अब भी चीन की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। लिपुलेख दर्रे से भारत-तिब्बत व्यापार शुरू नहीं होने से गुंजी में रखा करीब 3 हजार क्विंटल गुड़ और मिश्री लगातार बारिश और सीलन के कारण खराब होने की कगार पर पहुंच गया है। कोरोना काल के बाद इस साल भारत-तिब्बत व्यापार दोबारा शुरू होने की उम्मीद जगी थी। तकलाकोट व्यापार के लिए 134 भारतीय व्यापारियों ने आवेदन किया है। प्रशासन अब तक 100 व्यापारियों और उनके सहायकों को ट्रेड पास जारी कर चुका है। व्यापारियों को 8 जुलाई को तकलाकोट (पुरंग) रवाना होना था, लेकिन चीन की अंतिम मंजूरी नहीं मिलने से पूरा कार्यक्रम रुक गया।

## कर्नाटक में डॉक्टर की घर में हत्या, बेटा घायल मिला:पत्नी भी डॉक्टर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ धारवाड़

कर्नाटक के धारवाड़ में बुधवार को 45 साल के डॉक्टर (एनेस्थीसिया विशेषज्ञ) किरण होन्नन्नावर की उनके फ्लैट में हत्या कर दी गई। उनका 8 साल का बेटा चाकू के घावों के साथ घायल मिला। बच्चे का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने डॉक्टर की पत्नी प्रियंका को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रियंका आंखों की डॉक्टर हैं। पुलिस के मुताबिक, घटना एक हाई-सिक्योरिटी अपार्टमेंट में हुई, जिसमें डॉक्टर किरण अपनी पत्नी और बेटे के साथ रहते थे। शुरूआती जांच में किसी बाहरी व्यक्ति के फ्लैट में घुसने के सबूत नहीं मिले हैं। घटना के समय घर में सिर्फ पति, पत्नी और उनका बेटा मौजूद थे। मामले का खुलासा तब हुआ, जब डॉ. किरण के परिजन पूरे दिन उनसे संपर्क करने की कोशिश करते रहे। फिर भी बात नहीं हो पाई। पुलिस के मुताबिक, पत्नी प्रियंका ने ससुरालवालों से पहले कहा कि पति आराम कर रहे हैं, बाद में बताया कि वह बाहर गए हैं। शाम तक बात नहीं होने पर परिजन फ्लैट पहुंचे।

# ममता बोलीं- भाजपा चाहती थी मुझे हार्ट अटैक आ जाए, मैं तब तक जिंदा रहूंगी, जब तक उनका अंत न हो जाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पश्चिम बंगाल

ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा चाहती थी मुझे हार्ट अटैक आ जाए, लेकिन मैं तब तक जिंदा रहूंगी जब तक उनका अंत न हो जाए।

पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता ने बुधवार को एक वीडियो मैसेज जारी किया। उन्होंने इस मैसेज में तृणमूल में जारी फूट पर भी अपना पक्ष रखा। ममता ने कहा- जो लोग जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं। मैंने 2006 में तृणमूल को फिर से खड़ा किया था, तो मैं 2026 में भी ऐसा कर सकती हूं। दरअसल तृणमूल के सीनियर लीडर मदन मित्रा बुधवार को ममता बनर्जी का गुट छोड़ ऋतब्रत बनर्जी के बागी गुट में शामिल हो गए हैं। हालांकि, उन्होंने विधायक पद नहीं छोड़ा है। मदन मित्रा ने यह कदम तब उठाया, जब उनके ऊपर प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा कस रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मंगलवार को ईडी ने मदन मित्रा की पत्नी और उनके दो बेटों को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। ममता ने वीडियो मैसेज में कहा- कुछ लोगों को धमकाया जा रहा है। आज भी एक व्यक्ति ने पार्टी छोड़ दी। उसने कल मुझसे कहा कि उसके परिवार को धमकाया जा रहा है।

वे बोलीं- आज अभिषेक बागी नेताओं के लिए बुरे हैं। उनकी पत्नी अपने बच्चों के साथ उड़कके पास गई थीं। वह चाहते तो सेटिंग करके राहत पा सकते थे। उन्होंने उससे उबरकर दिखाया क्योंकि वह एक शेर की तरह लड़ रहे हैं।

ममता ने कहा कि हमें हराया गया। मैं पुलिस का सम्मान करती हूं, लेकिन वे कार्यकताओं की तरह काम कर रहे हैं। हमारे नेताओं को धमका रहे हैं। अगर मैंने सेटिंग की होती तो यह सब नहीं झेलना पड़ता, लेकिन मैं अपना जमीर नहीं बेचती।

मदन मित्रा ने कहा- पार्टी डूब रही है, लोगों की जान जा रही है, लेकिन टीएमसी सिर्फ अभिषेक को बचाने में लगी है। मैंने अभिषेक को सुझाव दिया था कि वह एक साल के लिए पद से हट जाएं। पहले पार्टी मजबूत कर लेते हैं फिर वापस आ जाइएगा, लेकिन उन्होंने मना कर दिया।

मित्रा ने कहा कि तृणमूल दो हिस्सों में बंट गई है। मैं ममता बनर्जी का सम्मान करता हूं और उनका शुक्रिया अदा करता हूं। वह लंबे समय से हमारे साथ रही हैं। हमने भी अपनी तरफ से पूरी कोशिश की है। 3 जून को टीएमसी में पहली बार बगावत की खबर सामने आई थी। ळटउ के 80 में से 58 बागी विधायकों ने पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुना था। विधानसभा स्पीकर रथींद्र बोस को समर्थन पत्र दिया था।

# भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट का डेटा लीक

## दावा- हैकर्स ने कंट्रोल रूम का लेआउट, सप्लायर्स की लिस्ट डार्क वेब पर डाली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कुडनकुलम

भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट कुडनकुलम से जुड़े हजारों दस्तावेज लीक हो गए हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, हैकर्स ग्रुप ह्यवर्ल्ड लीक्सह्न ने डार्क वेब पर इन दस्तावेजों को अपलोड करने का दावा किया है।

इनमें पावर प्लांट के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट, सप्लायर्स की लिस्ट, कंट्रोल रूम और अन्य रिकॉर्ड सार्वजनिक किए गए। सर्वर मई में हैक हुआ था, जून में दस्तावेज लीक का दावा किया गया। इसकी जानकारी अब सामने आई है।

तमिलनाडु के कुडनकुलम प्रोजेक्ट पर काम कर रहे अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप ने माना है कि थर्ड-पार्टी डेटा सेंटर कंपनी योट्टा का सर्वर हैक किया गया। इसकी जानकारी सरकार को दे दी गई है।



परमाणु सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि डार्क वेब पर मौजूद ये दस्तावेज अगर असली हैं, तो इनके जरिए कोई हमलावर न्यूक्लियर पावर प्लांट के सपोर्ट सिस्टम, सप्लाई चेन और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर ढंग से समझ सकता है, जिससे सुरक्षा जोखिम बढ़ सकता है।

साल 2019 में भी कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट के प्रशासनिक नेटवर्क में उत्तर कोरिया से जुड़े हैकर समूह का मैलवेयर मिलने की पुष्टि हुई थी। उस समय ठढउक्ल ने कहा था कि संयंत्र की परिचालन प्रणाली प्रभावित नहीं हुई थी।



यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 16 जुलाई, 2026

### सुभाषितानि

सत्यं स्वर्गस्य सोपानं पारावरस्य नौरिव।
न पावनतमं किञ्चित् सत्यादभ्यधिकं क्वचित्॥

**भावार्थ** : समंदर के जहाज की तरह, सत्य स्वर्ग का सोपान है। सत्य से जादा पावनकारी और कुछ नहीं।

भूमिः कीर्तिः यशो लक्ष्मीः पुरुषं प्रार्थयन्ति हि।
सत्यं समनुवर्तन्ते सत्यमेव भजेत् ततः॥

**भावार्थ** : भूमि, कीर्ति, यश और लक्ष्मी, सत्य का अनुसरण करनेवाले पुरुष की प्रार्थना करते हैं। इस लिए सत्य को ही भजना चाहिए।

## विद्यालयपरिवहनक्षेत्रेषु च विद्युत्बसस्य निरन्तरं वर्धमानं

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

कम्पनी नगरीयसार्वजनिकपरिवहनक्षेत्रेषु, कर्मचारिणां आवागमनक्षेत्रेषु, विद्यालयपरिवहनक्षेत्रेषु च विद्युत्बसस्य निरन्तरं वर्धमानं माङ्गं प्रतिवेदयति। एतत् मनसि कृत्वा भविष्ये भारतीयविपण्यस्य कृते अनेकानि नूतनानि विद्युत्माडलाः प्रदर्शयितुं कम्पनी सज्जा अस्ति। स्विच मोबिलिटी इत्यस्य मुख्यकार्यकारी गणेशमणिः विद्युत्बसस्य प्रक्षेपणेन स्वस्य आनन्दं प्रकटितवान्। सः अवदत् यत् देशे विद्युत्गतिशीलतायाः प्रवर्धनस्य प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी इत्यस्य दृष्ट्या सह सङ्गतिं कृत्वा कम्पनी स्वस्य उत्पादानाम् विकासं कुर्वती अस्ति।

## सम्पादकीयम्

### निर्गम योजना

अत एव विवाहात् पूर्वं घोरं परिणामं ज्ञातुं अत्यावश्यकं यत् भवन्तः अन्धरूपेण अगाधं न प्लवन्ति 'निर्गम योजना' इति । केचन समीक्षकाः एतत तथ्यं गृह्णन्ति यत्-जनाः तलाकस्य भयं न कुर्वन्तु इति सल्लाहं ददति अपि-वयं विवाहे प्रवेशात् अपि पूर्वं 'निर्गमनयोजना' (निर्गमनमार्गः) चर्चां कुर्मः। तेषां मतं यत् यदि कश्चन व्यक्तिः पूर्वमेव पलायनमार्गं अन्विष्य सम्बन्धे पदानि स्थापयति तर्हि ते कदापि तस्मिन् सम्बन्धे समायोजनं कर्तुं न ज्ञास्यन्ति। एतान् समीक्षकान् पृच्छति यत् यदा भवन्तः चलचित्रं द्रष्टुं सिनेमाभवनं गच्छन्ति तदा अग्निः प्रज्वलितुं अपेक्षन्ते वा? नहि; त्वं द्वौ घण्टां मनोरञ्जनं भोक्तुं गच्छसि, उत्तमं समयं च व्यतीतवान्। तथापि तस्य सिनेमाभवनस्य कोणे विशालः, उज्ज्वलप्रकाशितः 'इति सदैव वर्तते। न तु द्वारं यावत् विरामं यावत् कुण्डीकृतं भवति, अग्निः प्रज्वलितः वा श्वासप्रश्वासः वा न कृत्वा अन्तः एव तिष्ठितुं बाध्यः भवति यदा वयं अत्यन्तं अनुभविना कप्तानेन चालितं विमानयोग्यं विमानं आरुह्य गच्छामः तदा अपि विमानपरिचारिका उड्डयनात् पूर्वं आपत्कालीननिर्गमानाम् व्याख्यानं करोति। सा न वदति यत् यात्रायाः अर्धमार्गेण विमानस्य दुर्घटना आरब्धस्य अनन्तरं एव वयं पैराशूट्-सिवनीम् आरभेमः इति। यात्रायाः आरम्भात् प्रथमनिमेषात् एव सुरक्षापरिपाटाः, निर्गमनसुविधाः च उपलभ्यन्ते।

### तानि त्रीणि पुस्तकानि २०२६ तमस्य वर्षस्य जूनमासे सर्वाधिकं शीर्षकं गृहीतवन्तः

# तेषां जादू पाठकात् आरभ्य सामाजिक माध्यमपर्यन्तं सर्वेषां मनः आकर्षितवान्

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

२०२६ जूनमासः हिन्दी-भारतीयसाहित्यपरिदृश्यस्य कृते विलक्षणः मासः सिद्धः। यद्यपि अनेकाः नूतनाः शीर्षकाः पाठकानां ध्यानं आकर्षितवन्तः तथापि अन्तर्जाल-सामाजिक-माध्यमेषु, साहित्य-वृत्तेषु च त्रीणि पुस्तकानि सर्वाधिकं गूञ्जनं जनयन्ति स्म। तेषु ब्रेकिंग द मोल्ड (अर्थव्यवस्थायाः विषये केन्द्रितम्) इत्यस्य हिन्दी संस्करणं, गुरुदेवः पठारस्य शिखरस्य (आध्यात्मिकगुरुश्रीश्रीरविशंकरस्य जीवनी) इत्यस्य हिन्दीसंस्करणं, चेसिंग लाइक धोनी (भारतीयक्रिकेट-किंवदंती महेन्द्रसिंह धोनी इत्यस्य व्यक्तित्वं नेतृत्वं च केन्द्रीकृतम) च सन्ति। विविधविषयान् आच्छादयन् अपि त्रयः अपि पुस्तकानि पाठकेषु स्वस्य कृते विशिष्टं आलम्बनं उत्कीर्णवन्तः, सामाजिकमाध्यमेषु नित्यं वातार्लापस्य विषयाः च अभवन प्रकाशकाः पुस्तकसमीक्षकाः च एतैः पुस्तकैः प्राप्तं पाठकसमर्थनं-यत्र गम्भीरविषयेषु विषयः अस्ति-हिन्दीप्रकाशन-उद्योगस्य कृते उत्साहवर्धकं संकेतं मन्यते।

सांचे भङ्गः अर्थव्यवस्थायाः विषये नूतनं वादविवादं जनयति- ब्रेकिंग द मोल्ड इत्यस्य हिन्दीसंस्करणं जून २०२६ तमस्य वर्षस्य सर्वाधिकचर्चितपुस्तकेषु एकं विशिष्टं आसीत। प्रसिद्धा अर्थशास्त्रज्ञौ रघुराम जी राजन, रोहितलम्बा च रचितं पुस्तकं भारतस्य अर्थव्यवस्था, रोजगारः, औद्योगिकवृद्धिः, भविष्यस्य आर्थिकचुनौत्ययोः विषये केन्द्रितम अस्ति। लेखकानां मतं यत केवलं द्रुतगतिना आर्थिकवृद्धेः दरः अपर्याप्तः; तस्य स्थाने वृद्धिः समावेशी भवितुमर्हति,




अधिकतमसङ्ख्यायां जनानां कृते रोजगारं अवसरं च प्रदातुं शक्नोति। अस्मिन शिक्षा, निमार्णं, प्रौद्योगिकी, कौशलविकासः, नीतिनिर्माणम इत्यादिषु विषयेषु गहनचर्चा भवति। हिन्दीसंस्करणस्य प्रकाशनानन्तरं प्रतियोगितापरीक्षायाः सज्जतां कुर्वतां छात्राणां, विश्वविद्यालयस्य शोधकतृणां, अर्थशास्त्रे रुचिं विद्यमानानाम पाठकानां च मध्ये अस्य पुस्तकस्य व्यापकचर्चा अभवत पुस्तकस्य प्रमुखविचारं प्रकाशयन्तः असंख्याकाः विडियो, पॉड्कास्ट्, समीक्षा च सामाजिकमाध्यममञ्चेषु वायरल अभवन। विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत एतत पुस्तकं भारतस्य आर्थिकभविष्यस्य विषये गम्भीरं प्रवचनं नूतनदिशि प्रेषयितुं प्रयतते। गुरुदेवः शिखरस्य पठारस्य उपरि आध्यात्मिकक्षेत्रे एकं आलापं उत्कीर्णं करोति।

गुरुदेवः शिखरस्य पठारस्य उपरि २०२६ तमस्य वर्षस्य जूनमासे शीर्षकं कृतवन्तः पुस्तकेषु प्रमुखं शीर्षकरूपेण उद्धृतम। आध्यात्मिकगुरुश्रीश्रीरविशङ्करस्य एषा जीवनी तस्य भगिन्या भानुमतिनरसिंहनेन लिखिता। श्रीश्रीरविशङ्करस्य बाल्यकालस्य, आध्यात्मिकयात्रायाः, सुदर्शनक्रियायाः विकासस्य, जीवनकलायां स्थापनायाः, शान्ति-मानवमूल्यानां च प्रचारार्थं तस्य वैश्विकप्रयत्नस्य च विस्तृत-अवलोकनं पुस्तके प्रदत्तम अस्ति व्यक्तिगत अनुभवान आकर्षयन लेखकः स्वजीवनस्य विविधाः प्रकरणाः प्रस्तुतं करोति ये पूर्वं बहुप्रसिद्धाः न आसन। पुस्तकस्य हिन्दीसंस्करणेन सम्पूर्णे जून २०२६ मासे सामाजिकमाध्यमेषु व्यापकचर्चा उत्पन्ना, अध्यात्मविषये रुचिं विद्यमानपाठकानां, ध्यानयोगस्य च अभ्यासकानां, पुस्तकसमीक्षकाणां च सकारात्मकप्रतिक्रिया प्राप्ता प्रकाशकस्य मते श्रीश्रीरविशङ्करस्य जीवनं दर्शनं च सुलभभाषायाम अवगन्तुं पुस्तके अवसरः प्राप्यते। धोनी इव अनुसरणम नेतृत्वस्य प्रेरणायाश्च विषये वातार्लापान स्फुरति चेजिंग लाइक धोनी इत्यनेन अपि २०२६ तमस्य वर्षस्य जूनमासे क्रिकेटस्य प्रेरणादायकसाहित्यस्य च पाठकानां मध्ये तीव्रगत्या कर्षणं प्राप्तम।

### नासिक टीसीएस प्रकरणे

## गर्भवती निदा खान इत्यस्याः जमानतः प्रदत्तः

ब्रह्मास्त्र ›› नासिक

महाराष्ट्रस्य नाशिक-नगरस्य टाटा-परामर्शसेवा-कार्यालयेन सह सम्बद्धस्य यौन-उत्पीडनस्य, कथित-धर्म-परिवर्तनस्य च प्रकरणस्य सन्दर्भे गृहीतस्य गर्भवती-आरोपितायाः निदाखानस्य कृते स्थानीयन्यायालयेन जमानतम् अनुमोदितम्। न्यायालयेन अवलोकितं यत् कारागारे प्रसवस्य मानसिकं सामाजिकं च आघातं कस्यापि महिलायाः असह्यम् अस्ति। परन्तु न्यायालयस्य आदेशे एतदपि उल्लेखितम् यत् अन्वेषणेन सह अभियुक्तैः सह अभियुक्तेन पीडितायाः वैचारिकधार्मिकदृष्टिकोणान् प्रभावितुं प्रयत्नः कृतः इति संकेताः प्रकाशिताः। तदपि न्यायालयेन ज्ञातं यत् यतः अन्वेषणं सम्पन्नम् अस्ति, आरोपपत्रं च दाखिलम् अस्ति, अतः अग्रे निरोधः अनावश्यकः अस्ति।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के.जी. जोशी ६ जुलै दिनाङ्के जमानतम् अयच्छत्, गुरुवासरे तु विस्तृतः आदेशः उपलब्धः अभवत्। न्यायालयेन अवलोकितं यत् एफआईआर-पत्रे निदाखानस्य कथितस्य भूमिकायाः स्पष्टतया उल्लेखः अस्ति तथा च अन्वेषणेन पीडितां धार्मिकरूपेण प्रभावितं कर्तुं तस्याः विचारेषु परिवर्तनं कर्तुं च प्रयत्नाः प्रकाशिताः। न्यायालयेन अपि अवलोकितं यत् अभियोजनपक्षस्य मते हिन्दुधर्मे आक्षेपार्हाः आख्यानानि सन्ति इति पीडितं प्रत्ययितुं प्रयत्नाः कृताः

निदाखानः पञ्चमासस्य गर्भवती अस्ति, एतस्मिन् दशायां कारागारे स्थापयितुं अनुचितं भविष्यति इति रक्षापक्षस्य तर्कः आसीत्। एतत् तर्कं स्वीकृत्य न्यायालयेन उक्तं यत् कारागारे प्रसवस्य पीडा, तत्सम्बद्धं सामाजिकं कलङ्कं च कस्यापि महिलायाः कृते अत्यन्तं दुःखदं भवति नवजातस्य सम्यक स्वागतं समग्रं कल्याणं च विचार्य न्यायिकविवेकस्य प्रयोगः अभियुक्तस्य जमानतप्रदानं च उचितम् इति न्यायालयेन उक्तम्।

### राशिफल

**मेष** : आपके सिनीयर्स निरंतर प्रयास पर गौर कर सकते हैं। एक आसान रूटीन बनाए रखें, पर्याप्त आराम करें।

**वृषभ** : क्रिएटिव लक्ष्यों की ओर साहसिक लेकिन सावधानी के साथ कदम उठाएं, विश्वसनीय दोस्तों के साथ अपने आइडिया शेयर करें।

**मिथुन** : आज के दिन छोटी-छोटी जीतें आपका कॉन्फिडेंस बढ़ाएंगी। निरंतर प्रगति पर फोकस करें।

**कर्क** : एनर्जी का संचार बना रहेगा। नए क्रिएटिव कार्यों को आजमाएं। विनम्रता के साथ साहस दिखाएं।

**सिंह** : थोड़े-थोड़े आराम से आपका फोकस पॉवर बढ़ सकता है। बिखरी हुई योजनाओं से बचें।

**कन्या** : अच्छी देखभाल आपको संतुलित, शांत और स्टेबल रख सकती है। स्टेबल रिजल्ट ठोस परिणाम दे सकते हैं।

**तुला** : आराम को प्राथमिकता दें, क्लियर बातचीत बनाए रखें। ऑफिस में अपने आइडिया क्लियर रूप से शेयर करें।

**वृश्चिक** : रिलेशन मजबूत होता है। जल्दबाजी में डिसीजन लेने से बचें। सेहत ठीक रहेगी और मन भी खुश रहेगा।

**धनु** : ईमानदारी के साथ बातचीत और आराम करने से आपके रिलेशन सुधरेंगे और सोच क्लियर होगी।

**मकर** : धैर्यपूर्वक चुनाव करें। बातचीत करना प्रभावी रहेगा। इससे आपका ज्ञान बढ़ेगा। सेहत सामान्य रहेगी।

**कुंभ** : पारिवारिक सपोर्ट महत्वपूर्ण है। छोटी-छोटी सेविंग्स जुड़ती जाती हैं। आपके काम का फल मिलेगा।

**मीन** : अपनी प्लानिंग पर ध्यान केंद्रित करें, अपने पार्टनर से प्रेमपूर्वक बात करें। आर्थिक स्थिति भी मजबूत रहने वाली है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 16 जुलाई से इन राशि वालों की बदलेगी तकदीर, अगले 14 दिन मिलेंगे शानदार अवसर

शुक्र के नक्षत्र परिवर्तन से 12 राशियों पर अलग-अलग प्रभाव देखने को मिलेगा। लेकिन कुछ राशि वालों को विशेष रूप से अच्छे रिजल्ट देखने को मिलेंगे। इस समय परिवार के साथ सुखद समय बिताने का अवसर मिलेगा।

16 जुलाई 2026 को शुक्र देव सिंह राशि में रहते हुए मघा नक्षत्र से निकलकर पूवार्फाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं। संयोग की बात यह है कि, पूवार्फाल्गुनी नक्षत्र के स्वामी स्वयं शुक्र ग्रह हैं, इसलिए इस गोचर का प्रभाव सामान्य से अधिक शुभ और प्रभावशाली माना जा रहा है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, जब शुक्र अपने ही नक्षत्र में एंट्री करते हैं, तो उसकी सकारात्मक ऊर्जा और शुभ फल देने की क्षमता अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में कई राशि के जातकों को धन लाभ, भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि, प्रेम संबंधों में मजबूती, करियर में उन्नति और अधूरे कार्यों में सफलता मिलने के योग बन सकते हैं। इस दौरान नई योजनाओं पर काम शुरू करने का अवसर मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारियां



मिल सकती हैं, जबकि व्यापारियों के लिए लाभ के नए रास्ते खुलने की संभावना रहेगी। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**मेष राशि-** शुक्र का यह नक्षत्र परिवर्तन मेष राशि वालों के लिए लाभकारी रहेगा। धन मिलने की संभावना रहेगी और आय के नए स्रोत भी बन सकते हैं। करियर में तरक्की के नए अवसर प्राप्त होंगे। संपत्ति खरीदने की इच्छा पूरी हो सकती है। सामाजिक दायरा बढ़ेगा और प्रभावशाली लोगों से मुलाकात भविष्य में लाभ दिला सकती है। प्रेम जीवन में भी मधुरता बनी रहेगी और दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी तथा अविवाहित लोगों के विवाह की बात आगे बढ़ सकती है।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के लिए शुक्र का अपने ही नक्षत्र में प्रवेश कई सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। व्यापारियों को नए सौदे और लाभदायक अवसर मिल सकते हैं। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और किसी शुभ कार्य की योजना बन सकती है। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। करियर में मनचाहे परिणाम मिलने के योग हैं और मेहनत का पूरा फल प्राप्त होगा। निवेश से भी अच्छा लाभ मिलने की संभावना दिखाई दे रही है।

**तुला राशि-** तुला राशि के स्वामी भी शुक्र हैं, इसलिए इस नक्षत्र परिवर्तन का प्रभाव इस राशि पर विशेष रूप से शुभ माना जा रहा है। लंबे समय से जिस काम के पूरे होने का इंतजार था, उसमें सफलता मिल सकती है। कला के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे। किसी करीबी व्यक्ति से शुभ समाचार मिलने की संभावना है, जिससे परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ने के साथ-साथ नए संपर्क भविष्य में लाभदायक साबित हो सकते हैं।


### आखिरी 7 मिनट में 2 गोल कर बाजी पलटी, इंग्लैंड 85वें मिनट तक आगे रहकर भी हारा

# अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार फुटबॉल वर्ल्डकप फाइनल में

ब्रह्मास्त्र ›› अटलांटा

डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार फुटबॉल वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गया है। उसने दूसरे सेमीफाइनल में आखिरी 7 मिनट में दो गोल दागकर इंग्लैंड को 2-1 से हरा दिया। फाइनल में उसका मुकाबला 19 जुलाई को स्पेन से होगा।

अटलांटा में खेले गए सेमीफाइनल मैच के 85वें मिनट तक इंग्लैंड 1-0 से आगे था। एंथनी गॉर्डन के 48वें मिनट में के गोल से टीम फाइनल की ओर बढ़ती दिख रही थी। लेकिन लियोनेल मेसी की टीम ने मैच का रुख पलट दिया। मेसी के शॉर्ट कॉर्नर पर एंजो फर्नांडेज ने 25 गज से शानदार गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। फिर इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में मेसी के सटीक क्रॉस पर सब्स्टीट्यूट लॉटारो मार्टिनेज ने हेडर से गोल दागकर जीत दिला दी। यह अर्जेंटीना का सातवां वर्ल्ड कप फाइनल होगा। टीम इससे पहले 1930, 1978, 1986, 1990, 2014 और 2022 में फाइनल खेल चुकी है। अर्जेंटीना 1978, 1986 और 2022 में विश्व कप जीत चुकी है। अब उसके पास लगातार दूसरी बार और कुल चौथा खिताब जीतने का मौका है।





#### पहला हाफ- फुटबॉल कम, लड़ाई ज्यादा

मैच की शुरूआत से ही यह साफ हो गया था कि मुकाबला सिर्फ फुटबॉल का नहीं है। तीसरे ही मिनट में इंग्लैंड के इलियट एंडरसन पर टैकल के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी आमने-सामने आ गए। रेफरी इस्माइल एलफाथ को बीच-बचाव करना पड़ा। पूरे पहले हाफ में कई बार खिलाड़ी भिड़े और फाउल की भरमार रही। 33वें मिनट में इंग्लैंड को पहला मौका मिला। डेक्लन राइस की फ्री-किक पर जॉन स्टोन्स ने हेडर लगाया, लेकिन गेंद नेट में लगाकर बाहर चली गई। अर्जेंटीना की ओर से एंजो फर्नांडेज ने 38वें मिनट में बॉक्स के बाहर से शॉट लगाया, जो गोलपोस्ट के ऊपर निकल गया।

37वें मिनट में लियोनेल मेसी आगे बढ़े, लेकिन इलियट एंडरसन ने उन्हें रोकने के लिए फाउल किया। इस पर एंडरसन को येलो कार्ड मिला। 42वें मिनट में जूड बेलिंगहम की जर्सी खींचने पर अर्जेंटीना के लिसांद्रो मार्टिनेज को भी कार्ड दिखाया गया। हाफ टाइम की सीटी के बाद भी दोनों टीमों के खिलाड़ी रेफरी से बहस करते रहे और मेसी सबसे आखिर में मैदान से बाहर गए।

**दूसरे हाफ की शुरूआत में इंग्लैंड का गोल-** ब्रेक के बाद अर्जेंटीना ने तेज शुरूआत की। जूलियन अल्वारेज ने 48वें मिनट में पहला ऑन-टारगेट शॉट लगाया, जिसे जॉर्डन पिकफोर्ड ने शानदार तरीके से रोक दिया। 55वें मिनट में मैच का पहला गोल इंग्लैंड ने किया। हैरी केन के लंबे पास पर अर्जेंटीना का डिफेंस पूरी तरह क्लियरेंस नहीं कर सका। डेक्लन राइस ने गेंद मॉर्गन रोजर्स को दी। रोजर्स ने दाईं ओर से सटीक क्रॉस डाला, जिस पर एंथनी गॉर्डन ने बॉक्स से आसान फिनिश किया।

#### मेसी के पास ने पलटा मैच, लॉटारो ने तोड़ा इंग्लैंड का सपना

गोल खाने के बाद अर्जेंटीना ने अटैकिंग गेम खेलना शुरू कर दिया। टीम को 86वें मिनट में कॉर्नर मिला। लियोनेल मेसी ने शॉर्ट कॉर्नर खेलकर गेंद एंजो फर्नांडेज को दी। फर्नांडेज ने करीब 25 गज की दूरी से शॉट लगाया। गेंद खिलाड़ियों के बीच से निकलते हुए सीधे नेट में जा समाई। इस गोल के साथ स्कोर 1-1 हो गया। इंजरी टाइम (90+2 मिनट) में मेसी ने फिर कमाल कर दिखाया। उन्होंने दाईं ओर से बॉल बॉक्स में भेजी। सब्स्टीट्यूट स्ट्राइकर लॉटारो मार्टिनेज डिफेंडरों से आगे निकले और शानदार हेडर के जरिए गेंद को गोल में पहुंचा दिया। अर्जेंटीना ने पांच मिनट के भीतर मैच पलटते हुए 2-1 की बढ़त बना ली। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी लगातार दूसरे वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचने वाले इतिहास के सातवें कोच बन गए। उनसे पहले यह उपलब्धि सिर्फ विटोरियो पोजो, हेल्मुट शॉन, मारियो जगालो, कार्लोस बिलार्डो, फ्रांज बेकेनबाउर और डिडिएर डेशां ने हासिल की थी।

## बुमराह बन सकते हैं मुंबई इंडियंस के कप्तान

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस के अगले कप्तान बन सकते हैं। हार्दिक पंड्या और टीम में शामिल एक पूर्व भारतीय कप्तान ट्रेड हो सकते हैं। हेड कोच महेला जयवर्धने समेत कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव हो सकता है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इन सभी मुद्दों पर अंतिम फैसला अगले हफ्ते इंग्लैंड में होने वाली रीव्यू मीटिंग में लिया जा सकता है। बैठक में अंबानी परिवार और फ्रेंचाइजी के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

पिछले 5 सीजन में मुंबई का प्रदर्शन खराब रहा है। टीम पिछले सीजन में 4 मैच जीतकर 8 अंकों के साथ 9वें स्थान पर रही थी। मुंबई इंडियंस ने अपना पिछला आईपीएल टाइटल 2020 में रोहित शर्मा की कप्तानी में जीता था। फाइनल में दिल्ली को 5 विकेट से हराया था। फ्रेंचाइजी ने 27 नवंबर 2023 को हार्दिक पंड्या को ट्रेड करके अपने साथ जोड़ा और फिर कप्तान बनाया था। लेकिन पंड्या की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन नहीं सुधरा। ड्रेसिंग रूम में अनबन की स्थिति बनी और कुछ रिपोर्ट्स में गुटबाजी की बातें भी सामने आईं।

## इंग्लैंड के खिलाफ भारत लगातार चौथी वनडे सीरीज जीतने उतरेगा

### दूसरा मुकाबला आज, कार्डिफ में 15 साल से नहीं हारी टीम इंडिया

ब्रह्मास्त्र ›› कार्डिफ

भारत के पास इंग्लैंड के खिलाफ लगातार चौथी वनडे सीरीज जीतने का मौका है। टीम इंडिया ने 2021 में घर पर 2-1, 2022 में इंग्लैंड में 2-1 और 2025 में भारत में 3-0 से सीरीज अपने नाम की थी। तीन मैचों की इस सीरीज में पहला वनडे 6 विकेट से जीतकर टीम 1-0 की बढ़त बना चुकी है।

कार्डिफ में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। मैच शाम 5:30 बजे शुरू होगा। इस मैदान में टीम इंडिया पिछले 15 साल से वनडे नहीं हारी है। भारत को यहां आखिरी हार 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली थी। इसके बाद उसने 2013 चैंपियंस ट्रॉफी में साउथ अफ्रीका और श्रीलंका को हराया, जबकि 2014 में इंग्लैंड को 133 रन से मात दी थी।

**भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछले 6 वनडे जीते-** दोनों टीमों के बीच 111 मुकाबले खेले गए हैं। भारत ने 62 जीते हैं। इंग्लैंड को 44 में जीत मिली है। 2 मुकाबले टाई और 3 बेनतीजा रहे। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछले 6 मुकाबले जीते हैं। कार्डिफ में इंग्लैंड का रिकॉर्ड बेहतर रहा है। टीम ने 14 में से 10 मुकाबले जीते हैं।

**गिल और प्रसिद्ध फॉर्म में, बुमराह की वापसी से गेंदबाजी मजबूत-** शुभमन गिल इस साल भारत के लिए सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 7 मैचों में 113.25 की औसत से 453 रन बनाए हैं। पहले वनडे में भी गिल ने कप्तानी पारी खेलते हुए 75 गेंदों पर 80 रन बनाए। काफ में खिंचाव के कारण वह रिटायर्ड हर्ट हुए, लेकिन दूसरे वनडे में उनके खेलने की उम्मीद है।

अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर ने पहले वनडे में नाबाद अर्धशतक लगाकर भारत को जीत दिलाई। अक्षर ने 4 विकेट भी लिए थे। प्रसिद्ध कृष्णा इस साल भारत के सबसे सफल वनडे गेंदबाज हैं। उन्होंने 5 मैचों में 10 विकेट लिए हैं।

जसप्रीत बुमराह ने वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के बाद वापसी करते हुए पहले ही मुकाबले में इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया। उनके शुरूआती स्पेल का फायदा प्रसिद्ध कृष्णा और गुरनूर बरार ने उठाया। बुमराह ने इंग्लिश कैप्टन हैरी ब्रूक का विकेट लिया था।

## खबर एक नजर...

### अंडा गली में विवाद होने पर 2 युवकों के बीच चले पाइप

**उज्जैन।** अंडा गली में मंगलवार-बुधवार रात मोबाइल पर बात करने को लेकर अयान पिता अनवर खान दानी गेट और रेहान उर्फ रियान पिता इम्तियाज खान उर्फ राजा लाला निवासी रामप्रसाद भार्गव मार्ग के बीच विवाद हो गया। दोनों ने पाइप से एक-दूसरे पर हमला किया। अयान को घायल होने पर चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। खाराकुआ पुलिस ने अयान की ओर से सोनू खान की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया। वहीं दूसरी ओर से रेहान उर्फ रियान ने शिकायत दर्ज कराई है। चरक अस्पताल में भर्ती अयान ने रेहान उर्फ रियान पर गंभीर आरोप लगाया। उसका कहना था कि रेहान उस पर मादक पदार्थ बेचने का दबाव बना रहा था। मना करने पर मारपीट की है। पुलिस अयान के बयान दर्ज करेगी।

### होटल की चौथी मंजिल से गिरा था आलोट का मजदूर

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के अवंति अस्पताल के पास निमार्णाधीन होटल से गिरे मजदूर को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसकी मंगलवार-बुधवार रात मौत हो गई थी। बुधवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया और विवेचना शुरू की। इस दौरान सामने आया कि मृतक मजूदर रामा पिता नारायण बागरी 26 साल निवासी विक्रमगढ़ आलोट ग्राम भोजाखेड़ी होटल की चौथी मंजिल से गिरा था। होटल का निर्माण कार्य चल रहा था। नीलगंगा थाना पुलिस के अनुसार घटना के बाद ऊंचाई से गिरने की खबर मिली थी, उस वक्त मजदूर घायल था, उसकी हालत गंभीर होने पर बयान नहीं हो पाये थे। जांच में घटनाक्रम स्पष्ट हुआ है, फिलहाल मर्ग कायम किया गया, जांच में उसे काम पर रखने वाले ठेकेदार की जानकारी जुटाई जायेगी। उसकी लापरवाही सामने आने पर प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

### दो बाइक भिड़ंत में 15 साल के बालक की मौत

**उज्जैन।** कायथा में मंगलवार रात कोल्ड स्टोर के सामने 2 बाइक में भिड़ंत हो गई। एक बाइक पर सवार ग्राम बोरदा मंदा का रहने वाला विवेक पिता लालचंद 15 साल और उसका काका अर्जुन सवार था। दूसरी बाइक पर राजेश पिता सत्यनारायण बैरागी ग्राम मेहरखेड़ी था। तीनों के घायल होने पर उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद 15 साल के बालक विवेक को मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि विवेक काका के साथ संधारण के लिये दिया गया पंखा लेकर वापस लौट रहा था। वहीं दूसरी बाइक पर सवार घायल राजेश का कहना कि उसके जीजा उज्जैन आरडी गार्डी में भर्ती है। जिन्हे खाना देकर वापस लौट रहा था। चौकी पुलिस के अनुसार घटनाक्रम कायथा थाना क्षेत्र का है, जांच के लिये मर्ग डायरी भेजी जायेगी।

### खेत हांकने की बात पर 2 भाईयों में हुआ विवाद

**उज्जैन।** घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम उज्जैनिया में रहने वाले 2 भाईयों जालम पिता जसवंतसिंह पंवार 45 साल और पदम पिता जालमसिंह पंवार 56 साल के बीच खेत हांकने की बात पर विवाद हो गया। पदम ने अपने परिवार के साथ मिलकर जालम के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। जालम ने लात-घूंसों से पदम का पीटा। दोनों भाईयों के बीच विवाद का मामला घट्टिया थाने पहुंचा तो पुलिस ने दोनों के खिलाफ क्रॉस प्रकरण दर्ज कर लिया। मारपीट का एक मामला पिता-पुत्र के बीच माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम बोरखेड़ी में हुआ। घायल पिता तोलाराम पिता बल्ला गुर्जर 65 साल की शिकायत पर पुलिस ने पुत्र के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है। तोलाराम का कहना कि पुत्र को खेत में काम करने को कहा था, उसने डंडे से मारपीट की। पिता से मारपीट करने के बाद पुत्र गांव से भाग निकला था।

### इंदौर-मुम्बई ट्रेन में 2 युवकों को युवती से विवाद

**उज्जैन।** मुम्बई से विरेन्द्र पिता भीमसिंह अपने दोस्त जिग्नेश पिता उमेद कुमार के साथ महाकाल दर्शन करने आया था। दोनों इंदौर-मुम्बई सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कोच ए-3 में मंगलवार देर शाम सवार हुये। उज्जैन स्टेशन से ट्रेन रवाना होने के बाद कोच में इंदौर से सूरत की यात्रा कर रही युवती भी सवार थी। वह मोबाइल पर तेज आवाज में वीडियो देख रही थी। विरेन्द्र ने आवाज कम करने को कहा तो उनके बीच विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि युचती ने चप्पल से मारपीट कर दी। चलती ट्रेन में विवाद रतलाम तक पहुंचा। जहां युवकों ने जीआरपी को शिकायत की। युवती भी शिकायत लेकर पहुंच गई, मामला उज्जैन का होने पर तीनों को उज्जैन जीआरपी भेजा गया। जहां पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच शुरू की है। विरेन्द्र मुमबई में प्रिंटर कार्टेज रिफिलिंग में काम करता है, युवती सूरत जमोटो कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर बताई जा रही थी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 677-0 | 678-1 |
| मेन बाजार | 127-0 | 389-0 |
| मिलन डे | 590-4 | 277-6 |
| मिलन नाइट | 237-2 | 279-8 |

1 3 8

---

### लाश मिलने के बाद चंद घंटो में सुलझा अंधाकत्ल

# भाई को किया था कॉल, हिरासत में हत्या करने वाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ईंट भट्टे पर मिली खून से सनी लाश का मामला अंधाकत्ल लग रहा था, पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ की, भाई ने बताया कि रात में मोबाइल पर कॉल आया था और बताया था कि हाइवे पर शराब पीकर पड़ा है। पुलिस ने कॉल करने वाले को हिरासत में लिया तो उसने ईंट से हत्या करना कबूल कर लिया।

मामला नागदा थाना क्षेत्र स्थित जूना नागदा में बाबू कबाड़ी के ईंट भट्टे का है। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि मंगलवार शाम 5 बजे के लगभग खबर मिली थी कि भट्टे से कुछ दूरी पर हनुमान मंदिर के पास एक युवक का खून से लथपथ शव पड़ा है। घटनास्थल पहुंचने पर पता चला कि सिर पर किसी वजनी वस्तु से वार किये गये है। मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किये गये, कुछ देर में पता चला कि जूना नागदा की नई आबादी में रहने वाला लखन उर्फ लाला पिता गोविन्द मालवीय 23 साल है। घटनास्थल पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया। सुराग तलाशने के लिये एसआई योगिता उपाध्याय, वीरेन्द्रसिंह चौहान, एएसआई प्रभुलाल मुनिया, महिला प्रधान आरक्षक शर्मिष्ठा शुक्ला, दिनेश गुर्जर, विनोद माली, आरक्षक उस्मानी शबनम और थाना स्टॉफ की टीम गठित की गई। मामला अंधा कत्ल लग रहा था, जिसके चलते सायबर सेल प्रभारी प्रतिक यादव का सहयोग लिया गया। रात में पता चला कि हत्या में देव पिता लक्ष्मण चंद्रवंशी निवासी जूना नागदा शामिल है। टीम ने उसकी तलाश शुरू की और बुधवार सुबह चम्बल नदी चामुंडा माता मंदिर के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। उसने ईंट से सिर फोड़कर हत्या करना कबूल कर लिया। आरोपी के हिरासत में आने पर बुधवार शाम एएसपी करणदीप सिंह के निर्देशन में सीएसपी विक्रम अहिरवार द्वारा मामले का खुलासा कर दिया गया। गुरूवार दोपहर आरोपी को कोर्ट में पेश किया जायेगा।



#### पूछताछ में आरोपी ने बताई घटना

सीएसपी विक्रम अहिरवार ने बताया कि आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि उसने हत्या को सोमवार-मंगलवार रात 12 बजे के लगभग अंजाम दिया था। दोनों ने साथ बैठकर शराब पी थी। आरोपी का कहना था कि मृतक लखन की बहन से उसके पूर्व में संबंध थे, बाद में मामला खत्म हो गया था, शराब पीने के दौरान पुरानी बात पर विवाद हो गया था लखन उसे ईंट से मारने के लिये दौड़ा था उसने भी ईंट से लखन के सिर पर कई वार कर दिये और खून से लथपथ होने के बाद मौके से भाग निकला था।

#### आरोपी ने मृतक के भाई को किया कॉल

थाना प्रभारी गवरी ने बताया कि मंगलवार शाम 5 बजे लाश मिलने के बाद मृतक के परिजनों से पूछताछ की गई थी। भाई तिलक ने बताया कि रात में उसके मोबाइल पर देव ने कॉल किया था और बताया था कि शराब पीकर हाईवे पर पड़ा है। लखन नशे का आदी था, जिसके चलते परिवार ने ध्यान नहीं दिया। देव का नाम सामने आने पर उसकी तलाश की तो लापता होना सामने आया। रातभर उसकी तलाश के बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। हत्या और लाश मिले में करीब 17 घंटे का अंतर रहा था।

---

### ठेकेदार से मांगा हफ्ता, 2 मजदूरों को लगी चोंट

# निर्माणाधीन मंछामन मल्टी में बदमाशों ने किया पथराव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री आवास योजना में मंछामन कालोनी स्थित मल्टी का निर्माण कार्य चल रहा है। बुधवार दोपहर को कुछ बदमाशों ने ठेकेदार से हफ्ता मांगा और नहीं देने पर पथराव कर दिया। घटनाक्रम में 2 मजदूर घायल हो गये और सह ठेकेदार की गाड़ी के कांच फूट गये। पुलिस ने एक नामजद और अन्य बदमाशों के खिलाफ हफ्ता वसूली का प्रकरण दर्ज किया है।

जयपुर के विधाधर नगर में रहने वाले नंदेश्वर पिता हरीदास बर्मन का हाल मुकाम मंछामन कालोनी है। नंदेश्वर प्रधानमंत्री आवास योजना की मंछामन कालोनी में बन रही मल्टी का ठेकेदार है। कुछ दिनों से एकता नगर में रहने वाला बदमाश कुलदीप बड़े मजदूरों को आकर धमका रहा था, बुधवार को कुछ साथियों के साथ पहुंचा और ठेकेदार नंदेश्वर से हफ्ता मांगने लगा। उसका कहना था कि यहां ठेकेदारी करना है तो हफ्ता देना पड़ेगा। विरोध करने पर बदमाश ने अपने साथियों के साथ पथराव कर दिया। इस दौरान पत्थरबाजी में मल्टी के सह ठेकेदार शाकीर पटेल केचार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 43 टी 1081 के कांच फूट गये। यहीं नहीं 2 मजदूर मेहरबान और इरशाद पत्थर लगने से घायल हो गये। बदमाशों का गद्दर देख मल्टी के सभी मजदूर एकत्रित हो गये। बदमाश ठेकेदारा को मारने की धमकी देकर भाग निकले। मंछामन मल्टी में पथराव की खबर पर नीलगंगा थाना पुलिस पहुंची थी लेकिन बदमाश भाग चुके थे। पुलिस ने ठेकेदार नंदेश्वर की शिकायत पर कुलदीप बड़े और उसके अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। कुलदीप एकतानगर का रहने वाला है, जिसकी गिरफ्तारी के लिये एक टीम उसके ठिकानों पर दबिश दे रही है। उसके हिरासत में आने पर साथियों के नाम सामने आयेंगे।





---

# खुशहाली के लिए नशे से दूर रहना आवश्यक-आईपीएस करणदीप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नशा मुक्त अभियान में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 की शुरूआत बुधवार को नागदा ग्रेसिम इंडस्ट्रीज परिसर से की गई। आईपीएस करणदीप सिंह ने कहा कि खुशहाली के लिये नशे से दूर रहना आवश्यक है।

पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 में बिरलाग्राम पुलिस द्वारा ग्रेसिम इंडस्ट्रीज परिसर में नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम में एएसपी ग्रामीण करणदीप सिंह (आईपीएस),सीएसपी नागदा विक्रम सिंह अहिरवार, थाना प्रभारी नागदा अमृतलाल गवरी, बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेंद्र पाटीदार के साथ ग्रेसिम के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। हजारो की संख्या में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये करणदीप सिंह (आईपीएस) ने नशे के दुष्परिणामों को बताते हुये कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है, परिवार की खुशहाली के लिए नशे से दूर रहना आवश्यक है। युवाओं को नशे के प्रलोभन से बचने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने का आव्हान किया। सीएसपी विक्रमसिंह अहिरवार ने कहा कि पुलिस का लक्ष्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज को नशामुक्त और सुरक्षित बनाना भी है।

---

# उज्जैन में आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

### पहली बार तीन अलग-अलग रथों पर देंगे दर्शन, ढाई लाख की पोशाख पहनेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। इस्कॉन मंदिर की ओर से इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा पहली बार तीन अलग-अलग पारंपरिक रथों पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे। भगवान के लिए ढाई लाख रुपए की विशेष शाही पोशाक तैयार कराई गई है।

**बंगाल के कारीगरों ने तैयार की शाही पोशाक-** इस्कॉन मंदिर के पीआरओ राघव पंडित दास प्रभु ने बताया कि भगवान की विशेष पोशाक तैयार करने के लिए बंगाल से 10 कारीगर बुलाए गए थे। पिछले दो महीनों से कारीगरों ने रेशमी वस्त्रों पर जापान से मंगवाए गए विशेष मोतियों, जरी, धागों और डायमंड से आकर्षक पोशाक तैयार की है। पोशाकों पर धार्मिक प्रतीकों की सुंदर कारीगरी भी की गई है। आयोजकों के अनुसार नंदीघोष रथ सबसे विशाल होगा और श्रद्धालु स्वयं रस्सियां खींचकर रथ यात्रा में सहभागी बनेंगे।





#### इस बार बदला गया यात्रा का मार्ग

राघव पंडित दास प्रभु ने बताया कि हर वर्ष बुधवारिया क्षेत्र से निकलने वाली रथयात्रा इस बार आगर रोड स्थित मंडी चौराहे से प्रारंभ होगी। यात्रा के स्वरूप और मार्ग में बदलाव किया गया है ताकि अधिक श्रद्धालु इसमें शामिल हो सकें।

#### प्रदेशभर में 101 स्थानों पर निकलेगी रथयात्रा

प्रदेश सरकार के सहयोग से इस वर्ष मध्य प्रदेश में 101 स्थानों पर भगवान जगन्नाथ की रथयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इनमें उज्जैन इस्कॉन मंदिर की रथयात्रा प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगी।

#### खाती समाज भी निकालेगा पारंपरिक रथ

खाती समाज की ओर से भी हर वर्ष की तरह ढाबा रोड से भगवान जगन्नाथ की पारंपरिक रथयात्रा निकाली जाएगी। हालांकि सड़क निर्माण कार्य के कारण इस बार यात्रा का मार्ग छोटा रखा गया है और यह गोपाल मंदिर तक ही जाएगी।

#### विदेशी श्रद्धालु और झांकियां बढ़ाएंगी आकर्षण

रथयात्रा में ढोल-ताशा दल, हाथी, घोड़े, बग्घियां, कीर्तन मंडलियां और भगवान की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। बैलगाड़ियों पर श्रीकृष्ण और गोपियों की वेशभूषा में सजे बच्चे भी शामिल होंगे। देश-विदेश से आए श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन और भगवान जगन्नाथ के जयघोष के साथ यात्रा की भव्यता को और बढ़ाएंगे।

---

### 17 को सजेगी 'आगमन' की महफिल, नृत्यांगना शिंजिनी कुलकर्णी देंगी प्रस्तुति

**उज्जैन।** भारतीय शास्त्रीय संस्कृति को समर्पित बहुप्रतीक्षित आयोजन 'आगमन - सावन का आमद सीजन 3' का भव्य आयोजन 17 जुलाई को होगा। गूंज ऑगेनाईजेशन द्वारा प्रस्तुत यह सांस्कृतिक संध्या शाम 6 बजे से कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में सजेगी। कार्यक्रम में देश की युवा और सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना शिंजिनी कुलकर्णी अपनी मनोहारी प्रस्तुति देंगी। आयोजन की निदेशक खुशी राजेश लश्करी ने बताया कि इस गरिमामय कार्यक्रम में शहर की कई जानी-मानी हस्तियां भी शिरकत करेंगी। इस विशेष सांस्कृतिक संध्या के प्रायोजक सुभेक्शा इन्फ्राबुल्स एवं आरके डेवलपर्स हैं।

### नयापुरा श्रीसंघ में साध्वी मंडल का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 17 को

**उज्जैन।** श्री आदिश्वर चंदाप्रभु श्रीसंघ, नयापुरा में साध्वी तारणरत्ना म.सा. और साध्यरत्ना म.सा. का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 17 जुलाई को होगा। इसे लेकर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह है। प्रवेश महोत्सव के तहत सुबह 8.30 बजे मंगल प्रवेश शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नयापुरा के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री चंदाप्रभु उपाश्रय पहुंचेगी। श्री आदिश्वर चंदाप्रभु ट्रस्ट के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी और प्रदीप दख ने बताया कि मालव देश दीपिका, मनोहर-इंदु तीर्थ गुणरत्ना म. सा. और साध्वी जितेशरत्ना म. सा. की शिष्या साध्वी तारणरत्ना म.सा. व साध्यरत्ना म.सा. का नयापुरा चारथूई श्रीसंघ में मंगल प्रवेश होगा।

---

# राजगढ़ की महिला का पुलिस ने खोज निकाला पर्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राजगढ़ से आई महिला का छत्री चौक पर बुधवार शाम पर्स गुम गया। उसमें आभूषण और नगद रुपए रखे थे। खाराकुआ पुलिस को पर्स गुम होने की खबर मिली तो चंद घंटों में पर्स खोज निकाला और महिला को वापस लौट दिया।

खाराकुआ थाना प्रभारी लक्ष्मणसिंह देवड़ा ने बताया कि गुरूवार को निकलने वाली भगवान जगन्नाथ यात्रा को लेकर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने की तैयारी की जा रही थी। उसी दौरान खबर मिली कि राजगढ़ की भंवर कालोनी में रहने वाली श्रद्धा पतिरवि श्रीवास्तव उज्जैन आई हुई है। उनका छत्रीचौक क्षेत्र में पर्स गुम हो गया है। जिसमें सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी और नगद रुपए रखे है। महिला पर्स गुम होने के बाद से काफी परेशान है। पुलिस तत्काल छत्री चौक पहुंची और महिला से जानकारी प्राप्त कर उनके आने वाले रास्ते का मूवमेंट पता किया, उसके बाद तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी कैमरों की मदद से पर्स की तलाश शुरू की गई। चंद घंटो में तकनीकी साक्ष्य से गुम पर्स खोज लिया गया। उसमें रखे 4 हजार रुपए, मंगलसूत्र, अंगूठी और दस्तावेज सुरक्षित मिले। महिला को थाने बुलाकर पर्स सुपुर्द किया गया है। पर्स मिलने पर महिला द्वारा पर्स खोजने वाले पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।



---

### स्कूटी पर सवार 3 बदमाशों ने मंगलवार रात 10.30 बजे

# चाकू की नोंक पर सोने की चेन और घड़ी लूटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्कूटी पर सवार 3 बदमाशों ने मंगलवार रात 10.30 बजे चाकू की नोंक पर सोने की चेन और घड़ी लूटने की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश उससे पहले चेन स्नेचिंग के साथ मोबाइल स्नेचिंग की वारदात कर चुके थे। 3 वारदात के बाद पुलिस हरकत में आ गई। बदमाशों का सुराग मिल चुका है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र सुभाषनगर स्थित ओम रेसीडेंसी में रहने वाला तुषार पिता मुकेश किशनानी फाजलपुरा में इलेक्ट्रॉनिक बाइक की दुकान संचालित करता है। मंगलवार रात 10.30 बजे वह अपने छोटे भाई कृष्णा और मां भावना किशनानी के साथ रेसीडेंसी के सामने गार्डन के पास टहल रहा था। उसी दौरान स्कूटी पर सवार 3 बदमाश आये और तुषार के हाथ पर झपटा मारकर मोबाइल छीनने का प्रयास किया। मोबाइल जमीन पर गिर गया। तीनों आगे निकल गये, वह कुछ समझ पाते तीनों वापस लौटे और एक बदमाश ने चाकू निकाल लिया। उसने तुषार के भाई कृष्णा को जान से मारने की धमकी देकर गले से चेन और हाथ की घड़ी देने का बोला। बदमाशों का विरोध किया तो दूसरे बदमाश ने कृष्णा पर कड़े से हमला कर दिया और गिरा दिया। बदमाशों ने चाकू दिखाकर मारने की धमकी दी और कृष्णा के हाथ से घड़ी और चेन लूटकर भाग निकले। घटनाक्रम के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। बदमाशों की स्कूटी पर नम्बर नहीं था। पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये। मामले में तुषार की शिकायत पर बुधवार को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चेन-घड़ी छीनने का मामला दर्ज किया गया। सूत्रों के अनुसार पुलिस को बदमाशों का सुराग मिल चुका है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। संभावना है कि जल्द मामले का खुलासा हो सकता है। बदमाशों के स्थानीय होने की आशंका है।

#### शाम को शास्त्रीनगर में चेन स्नेचिंग



बताया जा रहा है कि तीनों बदमाशों ने रात में चाकू की नोंक पर की गई लूट से पहले शाम के समय शास्त्रीनगर में अशोक धनवानी के गले से चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। यहीं अलखधाम नगर में शुभम सेन नामक बदमाश से मोबाइल छीनकर भाग निकले थे। बताया जा रहा है कि अशोक धनवानी और शुभम सेन ने भी अपने साथ हुई वारदात की सूचना पुलिस को दी थी। वहीं तुषार किशनानी के अनुसार तीनों बदमाशों की उम्र 18 से 20 साल के लगभग थी। जिन्हे सामने आने पर चेहरे से पहचान सकता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com